तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025



# बड़ी मुसीबत... कपड़े सम्हालें या किताबें? माप लिया, लेकिन बांटा ओवरसाइज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्कूल खुल चुके हैं। कहीं किताबों का वितरण प्रारंभ हो चुका है तो कहीं छात्र इसका इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा एक नई समस्या स्कूल यूनिफॉर्म के साइज को लेकर खड़ी हो गई है। प्रदेश के अधिकतर शासकीय विद्यालयों में यूनिफॉर्म भेजी जा चुकी हैं। लेकिन यूनिफॉर्म उस माप की नहीं आई है, जिस माप की मांगी गई थी। प्रदेशभर के स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को हथकरघा बोर्ड द्वारा तैयार गणवेश का वितरण किया जाता है। जून के दूसरे पखवाड़े में वितरित किए जाने वाले परिधान के लिए दो माह पूर्व ही तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। स्कूलों से अप्रैल माह में बच्चों का साइज पूछा गया था।

चूंकि पहली से आठवीं कक्षा तक छात्रों को फेल करने का प्रावधान नहीं है, इसलिए अप्रैल में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र को आठवीं में दाखिला प्रदान किए जाने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों ने छात्रों का माप भेज दिया। स्कूलों को जो गणवेश प्रेषित किए गए हैं, वे इन माप के अनुसार नहीं है। जब हरिभूमि ने विभिन्न स्कूल प्रबंधन से बात की ▶▶| शेष पेज 13 पर

### टीजएज लड़कों को भी हाफ पैंट

राजधानी के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों और बच्चों से बात करने पर उन्होंने बताया कि सर्वाधिक दिक्कत आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को होती है। आठवीं कक्षा के विद्यार्थी टीनएज में होते हैं। पहली से आठवीं कक्षा तक सभी लड़कों को हाफपेंट ही दिए जाते हैं। छात्र इन्हें पहनने के स्थान पर स्वयं के पैसे खर्च कर फूल पेंट तैयार करवाते हैं। इसके अलावा कई बार छात्राओं को भी शर्मिंदगी की सामना करना पड़ता है। अधिक माप के कपड़े नहीं होने के कारण टीनएज लड़कियां भी स्वयं ही मार्केट से कपड़े खरीद लेती हैं।

- 10 से 20 फीसदी बच्चों की यूनिफॉर्म ओवरसाइज, विशेषकर बारिश में इन्हें सम्हालना सिरदर्द
- अप्रैल माह में मांगा था बच्चों का साइज चार्ट, यूनिफॉर्म आई तो सिर पकड़कर बैठे शिक्षक





### नहीं पूछते बच्चों का साइज

स्कूलों से बच्चों का साइज नहीं पूछा जाता है। सीधे स्कूलों को तीनों साइज के कपड़े बराबर-बराबर संख्या में भेजे जाते हैं। छात्रों की हाइट देखकर शिक्षक इन्हें वितरित करते हैं।

- संजय शर्मा, अध्यक्ष, शिक्षक संघ

### हर दूसरे सप्ताह टूट रहे बटन, उधड़ रही सिलाई

साइज के अलावा एक अन्य दिक्कत क्वालिटी की भी है। छात्रों को जो यूनिफॉर्म दिए जा रहे हैं, उनका स्तर भुगतान की जा रही राशि की तुलना में खराब है। हर दूसरे सप्ताह शर्ट के बटन टूट जाते हैं या सिलाई उधड़ जाती है। खराब क्वालिटी के कारण भी कई विद्यार्थी स्कूलों से यूनिफॉर्म ही नहीं लेते या लेने के बाद भी स्वयं मार्केट से खरीदे गए कपड़े पहनते हैं। शिक्षक संघ ने इन कपड़ों की क्वालिटी सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन छात्रों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान ही नहीं दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### 20 हजार डॉलर चोरी फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** देवेंद्र नगर पुलिस ने डॉलर चोरी करने के मामले में फरार आरोपी को रायगढ़ जिले के खरसिया से गिरफ्तार किया है। विदेशी मुद्रा का कारोबार करने वाले सतीश जादवानी की शिकायत पर पुलिस ने नुरूल हुसैन को गिरफ्तार किया है। नुरूल ने अपने दो अन्य साथियों की मदद से 20 हजार डॉलर, जिसकी कीमत 17 लाख 30 हजार रुपए थी, उसे चोरी कर लिया था। नुरूल अपने साथियों के साथ मिलकर नागपुर भेजे जा रहे पार्सल को ट्रांसपोर्ट ऑफिस से बदल दिया था। घटना एक माह पूर्व 4 जून की है।

### एनडीपीएस का फरार आरोपी बालाघाट से पकड़ा गया

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एनडीपीएस के फरार आरोपी को मध्यप्रदेश के बालाघाट से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नर्बद कटरे को प्रतिबंधित कप सीरप बेचने के आरोप में पकड़ा है। नर्बद के साथी रवि तमेर, राजेश पंचेश्वर तथा विनय सिंह राजपूत की गिरफ्तारी के बाद नर्बद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

### कृषि महाविद्यालय में यातायात कार्यशाला

**रायपुर।** कृषि महाविद्यालय में ट्रैफिक पुलिस ने यातायात कार्यशाला का आयोजन कर वहां पढ़ने वाले छात्रों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी। साथ ही छात्रों को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी गुड सेमेरिटन योजना के बारे में जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कार राशि के बारे में जानकारी दी गई। एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा, एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला ने छात्रों को खुद तथा अन्य को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने के साथ पालन कराने प्रेरित करने कहा।

### मोबाइल छीन यूपीआई से निकाले 1 लाख 85 हजार

**रायपुर।** दल्लीराजहरा से अपनी मां का इलाज कराने आए एक व्यक्ति ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ सब्जी खरीदने के दौरान मोबाइल लूटने तथा यूपीआई से दो अलग-अलग बैंक अकाउंट में जमा एक लाख 85 हजार रुपए आहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह गोल्डन टॉवर में किराए से रह रहे गोविंद राम वाधवानी ने लूट तथा पैसे निकालने की शिकायत दर्ज कराई है। गोविंद के अनुसार वह तेलीबांधा गली नंबर 1 में हाथ में मोबाइल रखकर सब्जी खरीद रहा था। इस दौरान अज्ञात युवक उसके करीब पहुंचा और हाथ से मोबाइल लूटकर फरार हो गया।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक सेवानिवृत्त प्रिंसिपल ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान से 27 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डायमंड विला निवासी चंद्रकला भावे ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। चंद्रकला ने पुलिस को बताया है वह अपनी बेटी से मिलने पति के साथ उसके ससुराल कर्नाटका गई हुई थी। इस दौरान अज्ञात चोर सूने मकान में प्रवेश कर आलमारी में रखी नकदी एवं जेवर चोरी कर ले गया।

छुड़ाए गए श्रमिक रायपुर के इंडोर स्टेडियम में लाए गए

# खरोरा में छह महीने से बंधक 52 श्रमिक पुरुष-महिलाएं बच्चे छुड़ाए गए, साथ में 12 दिन का बच्चा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के खरोरा में 52 से अधिक लोगों को 6 महीने तक बंधक बनाकर रखने और उनसे मजदूरी कराने का एक गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि इन लोगों को बंधक बनाकर मशरूम उगाने के काम में लगाया गया था। इस मामले की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन, पुलिस व बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाले संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और वहां से बंधकों की रिहाई करवाई गई। इन लोगों को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में लाकर रखा गया है। वहां इनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।

बताया गया है कि इस मामले की प्रारंभिक सूचना इस रूप में जिला प्रशासन रायपुर को मिली थी कि खरोरा गांव में एक स्थान पर बच्चों को बंधक बनाकर उन्हें मशरूम उत्पादन संबंधी काम में लगाया गया है। ये लोग करीब 6 महीने से बंधक थे। इस सूचना पर जिला प्रशासन के अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में बच्चों से संबंधित कामकाज देखने वाली एक कमेटी और बच्चों के हितों की रक्षा में काम करने वाले एक स्वयंसेवी संगठन को सूचना देकर बुलवाया गया। इस दल ने खरोरा जाकर जांच पड़ताल की। इस दौरान वहां करीब 50-52 लोग मिले। इनमें महिलाएं, पुरुष और कुछ बच्चे भी शामिल हैं। इनमें महिला, पुरुष, बच्चों की संख्या भी स्पष्ट नहीं ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मामला दबाने की कोशिश भी, किसने बनाया था बंधक?



### श्रमिक यूपी या बिहार के?

सूत्रों के अनुसार इन लोगों को खरोरा से छुड़ाकर रायपुर के इंडोर स्टेडियम में लाया गया है। प्रशासन की देखरेख में छुड़ाए गए बंधकों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है। बताया गया है कि बंधकों में एक 12 दिन का बच्चा भी है। इन लोगों की बोली-भाषा और हुलिया से लग रहा है कि ये लोग यूपी या बिहार राज्य के हो सकते हैं।

### सब कुछ छिपाने की कोशिश

इस मामले से जुड़ी एक खास बात ये है कि इस पूरे घटनाक्रम पर पर्दा डालने की भरपूर कोशिश की जा रही है। मामले की जानकारी मिलने पर हरिभूमि के छायाकार भी वहां पंहुचे थे। पहले तो उन्हें प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गई। किसी तरह प्रवेश करने के बाद जब तस्वीरे ली गई, तो इसका भी विरोध हुआ। एक अनजान व्यक्ति ने छायाकार पर फोटो डिलीट करने के लिए दवाब भी डाला और समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित न होने देने की चेतावनी भी दी।

### कायम हैं ये सवाल

इस पूरे मामले को लेकर कई सवाल फिलहाल कायम हैं। स्थानीय प्रशासन ने इस मामले को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन सवाल ये है कि ये लोग कहां के रहने वाले हैं, छत्तीसगढ़ राज्य के हैं या किसी दूसरे राज्य से यहां लाए गए हैं। इन लोगों को 6 महीने बंधक बनाकर रखे जाने की जानकारी मिली है, लेकिन इसकी पुष्टि किसी स्तर पर नहीं हो पाई है। अभी ये भी साफ नहीं हो पाया है कि इनमें महिला, पुरुषों की संख्या कितनी और बच्चे कितने हैं। बच्चे कामगार के रूप में काम कर रहे थे या परिवार के साथ के बच्चे हैं। सबसे बड़ा और अहम सवाल ये है कि वो कौन व्यक्ति है, जो इन लोगों को खरोरा में लाकर बंधक बनाकर काम करवा रहा था। उसका नाम अभी अधिकृत रूप से सामने नहीं आया है।

### हालात चिंताजनक



इस मामले में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि वे खुद वहां गई थीं। बंधक लोगों की स्थिति अच्छी नहीं थी। उन्हें बंधक बनाकर काम लिया जा रहा था। इस तरह काम करवाना किसी भी हाल में उचित नहीं है। वहां बड़े लोगों के साथ बच्चे भी शामिल थे। इनकी संख्या 50 के आसपास होगी। अब आयोग इस पूरे मामले की जांच करवाएगा। मौके पर उनसे ज्यादा पूछताछ करने की स्थिति नहीं थी, लेकिन ये मामला चिंताजनक है।

# सरगुजा, जशपुर, मुंगेली सहित 10 जिलों में 48 घंटे के लिए यलो अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में सावन की शुरुआत भारी बारिश से होगी। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 6 दिन भारी बारिश वाले होंगे। मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 16 जुलाई के बाद बारिश संबंधित गतिविधियों में कमी आएगी। इसके पहले बदरा जमकर बरसेंगे। भारी वर्षा का क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ के रहेगा। उत्तर छग के अलावा अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी। आने वाले 4-5 दिनों तक मध्य क्षेत्र में ▶▶| शेष पेज 13 पर

- 16 जुलाई तक जारी रहेगी प्रदेश में बारिश संबंधित गतिविधियां

### देवरी में 12 सेमी बारिश

गुरुवार को सर्वाधिक बारिश मर्री बंगला देवरी में दर्ज की गई। यहां 12 सेमी वर्षा हुई। अकलतरा, अर्जुंदा व डौंडीलोहारा में 8 सेमी, कुमर्दा, गुंडरदेही व लोरमी में 7 सेमी, तखतपुर, मुकडेगा में 6 सेमी, बेलगहना, भिलाई, डोंगरगांव, धरमजयगढ़, कांसाबेल, कापू और बागबहार में 5 सेमी तथा अन्य क्षेत्रों में 1 से 4 सेमी के मध्य बारिश हुई। रायपुर में दिनभर रह-रहकर एक सेमी बारिश हुई। बिलासपुर और दुर्ग में भी एक सेमी ही बारिश हुई।

### इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

जिन 10 जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, उनमें सरगुजा, जशपुर, कोरिया, चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायगढ़, मुंगेली और कोरबा शामिल है। यहां गुरुवार दोपहर तीन बजे आने वाले दो दिनों अर्थात शनिवार दोपहर तीन बजे तक के लिए यलो अलर्ट जारी हुआ है।

## लक्ष्मी सहकारी बैंक का कर्ज नहीं चुकाने वाले कारोबारी को तीन माह कैद के साथ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नौ साल पूर्व लक्ष्मी सहकारी बैंक से एक करोड़ नौ लाख रुपए कर्ज लेकर बैंक का कर्ज नहीं चुकाने वाले कारोबारी को जेएमएफसी स्वर्णलता ओम यादव की कोर्ट ने तीन माह कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कारोबारी को एक करोड़ 29 लाख रुपए बैंक को लौटाने का आदेश दिया है। प्रतिकार की राशि नहीं लौटाने पर कोर्ट ने कारोबारी को एक माह ▶▶| शेष पेज 13 पर

- नौ साल पूर्व कारोबारी ने लिया था एक करोड़ नौ लाख रुपए कर्ज

### बैंक प्रबंधन पर स्टेटमेन नहीं देने का आरोप

कुलदीप सिंह ने कोर्ट में बैंक का लोन नहीं चुकाने का अपराध कबूल किया। साथ ही उसने बैंक का लोन 60 लाख रुपए चुकाए जाने की कोर्ट को जानकारी दी। कारोबारी ने बैंक प्रबंधन पर बैंक स्टेटमेन नहीं देने का आरोप लगाया है। कुलदीप बैंक का 60 लाख रुपए चुकाए जाने संबंधित कोई प्रमाण पेश नहीं कर पाया।

# वैधृति योग में आज से सावन शुरू हर सोमवार को मिलेंगे कई संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव की आस्था के लिए पवित्र श्रावण मास शुक्रवार यानी 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि और पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ ही आदि देव महादेव का अभिषेक करने के लिए सावन के पहले दिन ही वैधृति योग उपासकों और साधकों को मिलने वाला है। भागवताचार्य एवं वेदाचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि श्रावण मास का समापन इस बार 9 अगस्त को होगा। इस सावन ▶▶| शेष पेज 13 पर

- भागवताचार्य-वेदाचार्यों का मत- अभिषेक के लिए पहले दिन भी मुहूर्त



### हर सोमवार योग-संयोग के लिए खास

इस खास अवसर का लाभ लेने के लिए भक्त शिवलिंग पर जल, दूध, दही, घी, शहद अर्पित करते हुए पूजा करते हैं। ऐसा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस सावन में भक्तों को 4 सोमवार के साथ हर सोमवार को विशेष योग और संयोग मिलेंगे। इस सावन का ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मिलने वाला है कई विशेष योगों का संयोग

वेदाचार्य ने बताया कि चौथा सोमवार 4 अगस्त को है। इस दिन अनुराधा नक्षत्र, वृश्चिक राशि में चंद्र, सर्वार्थ सिद्धि, ब्रह्म योग, इंद्र योग का संयोग मिलने वाला है। इस दिन विशेष आराधना से हर क्षेत्र में समृद्धि और धन, करियर, आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति होगी। श्रावण अमावश्या तिथि 24 जुलाई को है।गुरु-पुष्य योग में रूद्राभिषेक करना फलकारी होगा। नागपंचमी 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन कालसर्प दोष निवारण के लिए रूद्राभिषेक और पूजा करना उत्तम होगा।

## समझ रहे थे सिलेबस के टॉपिक, तभी गिरा प्लास्टर कक्षा छोड़कर भागे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यदि आप ने अपने बच्चों को शासकीय विद्यालय में दाखिला दिलाया है, तो बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं करनी होगी। बारिश में स्कूलों के डूबने के बाद अब प्लास्टर और छत भी गिरने लगे हैं। हालात ये हैं कि छात्र कक्षा में शिक्षक द्वारा पढ़ाए जा रहे टॉपिक के स्थान पर छत पर ध्यान लगाए बैठे रहते हैं कि ना जाने कब यह गिर पड़े। मामला सिविल लाइन वार्ड स्थित शासकीय प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल शांति नगर का है। यहां प्लास्टर या छत गिरने की आहट पाकर विद्यार्थी क्लासरूम से बाहर दौड़ लगा देते हैं। कई बच्चों के सिर पर प्लास्टर के कुछ टुकड़े गिर चुके हैं। भाग्यवश ये अधिक बड़े नहीं थे, तो छात्रों को कोई हानि नहीं हुई, लेकिन इसके बाद से छात्रों में भय का माहौल व्याप्त है।

- मामला शासकीय शांति नगर इंग्लिश माध्यम स्कूल का, परिजन पहुंचे शिकायत लेकर



### पीने के लिए स्वच्छ पानी नहीं

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया, इस स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के पालकों से निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही थी। लगातार छात्रों के परिजनों की शिकायत मिलने पर खुद जाकर निरीक्षण किया और पाया कि स्थिति बेहद चिंताजनक है। छत से लगातार पानी टपक रहा है। प्रदेश के अन्य हिस्सों को छोड़िए, राजधानी के स्कूल भी ऐसी दशा में हैं। नेता मंत्री सफर में निकल पड़े हैं और बच्चे मौत का सफर कर रहे हैं। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्लास्टर टुकड़ों में गिर रहा है। सीलन की विकराल समस्या, पीने के स्वच्छ पानी की दिक्कत और शौचालय की फैली गंदगी सरकार की अनदेखी बयां कर रही है।

रायपुर मंडल में आरक्षण संबंधी नई व्यवस्था 14 से लागू होगी

# ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले बनेगा पहला चार्ट, आपातकालीन कोटा के लिए अब एक दिन पहले ही देना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय रेलवे ने ट्रेनों के आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब पहला आरक्षण चार्ट ट्रेन के प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। यह बदलाव यात्रियों को अधिक सटीक जानकारी और सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। इस बदलाव का असर आपातकालीन कोटा पर भी पड़ेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में कोटे के लिए आवेदन अब पहले की तुलना में एक दिन पहले देना अनिवार्य होगा। आवेदन रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित वाणिज्य विभाग में स्वीकार किए जाएंगे। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह नई व्यवस्था 14 जुलाई 2025 से प्रभाव में आ जाएगी। इस बदलाव से यात्रियों को योजना बनाने में अधिक स्पष्टता मिलेगी, वहीं रेलवे प्रशासन को भी आरक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने में मदद मिलेगी।

### पहला आरक्षण चार्ट बनने यह रहेगा समय

- 05:00 बजे से 14:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला चार्ट एक दिन पहले रात 21:00 बजे तक आरक्षण चार्ट तैयार कर दिया जाएगा।
- 14:00 बजे से 23.59 बजे से एवं 00.00 बजे से 05:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए ट्रेन के प्रस्थान से 8 घंटे पहले पहला आरक्षण चार्ट तैयार किया जाएगा।
- दूसरे आरक्षण चार्ट की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### आपातकालीन कोटा का आवेदन का समय

- 05:00 बजे से 14:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटे का आवेदन एक दिन पहले 16.00 बजे तक देना होगा।
- 14:01 बजे से 19:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटे का आवेदन एक दिन पहले 17.00 बजे तक देना होगा।
- 19:01 बजे से 23:59 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटे का आवेदन उसी दिन ट्रेन छूटने के 10 घंटे पहले देना होगा।
- 00:00 बजे से 05:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए आपातकालीन कोटे का आवेदन ट्रेन छूटने के 10 घंटे पहले और 17.00 बजे तक देना होगा जो भी बाद में हो।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले निहाल का समाज करेगा सम्मान



**धरसीवां।** अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड दिल्ली में फर्स्ट रैंक हासिल कर स्वर्ण पदक हासिल करने वाले निहाल साहू का धरसीवां साहू समाज सम्मान करेगी। परिक्षेत्र साहू समाज सांकरा रामकुमार साहू मूलचंद साहू ने बताया कि दुर्ग जिले के अहिवारा गांधी मेमोरियल हायर सेकेंड्री स्कूल के छात्र निहाल साहू ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर समाज का नाम प्रदेश और देश में गौरांवित किया है। ऐसे समाज के गौरव को समाज आगामी मां कर्मा जयंती समारोह के दौरान सिलतरा स्थित तेलीन दाई मंदिर परिसर में निहाल साहू का सम्मानकिया जाएगा।

### संदिग्ध अवस्था में महिला का शव मिला

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम छतौद में संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर महिला का शव बरामद नेवरा पुलिस ने किया मर्ग कायम। तिल्दा ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम पंचायत छतौद में वार्ड क्रमांक 8 निवासी सूरज निर्मलकर पति प्रदुम निर्मलकर उम्र 22 वर्ष का उसके घर पर संदिग्ध अवस्था में शव मिला है, पुलिस ने मर्ग कायम किया है और जांच कर रही रही है। बताया जाता है की महिला सात माह की गर्भवती भी है। इधर महिला के मायके वालों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी एवं थाना के एएसआई शंकर लाल वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, क्योंकि महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला है और शुक्रवार को महिला के शव का पीएम कराया जाएगा।

### सडक दुर्घटना में महिला की मौत

**आरंग।** आरंग महासमुन्द मार्ग में निसदा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक महिला की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायल एक महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ केंद्र आरंग में चल रहा है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया मां बेटी एक स्कूटी क्र सीजी 06 एचए 6451 से महासमुन्द से रायपुर की ओर जा रहे थे, पारागांव-निसदा मोड़ के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। जिससे निर्मला गोस्वामी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा बेटी मनीषा गोस्वामी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक खल्लारी पचेडा जिला महासमुन्द के निवासी बताये जा रहे है।

### अग्रसेन योगासन शाखा ने गुरु पूर्णिमा मनाया

**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग द्वारा गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश कुमार शर्मा एवं कार्यक्रम के वक्ता डॉ. दाऊ लाल साहू द्वारा डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार, गुरुजी सदाशिव गोलवलकर एवं भारत माता की छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

**खेती- किसानी :** किसानों ने हार नहीं मानी और दोबारा बीज डालकर खेतों को पुनः तैयार किया

# आरंग के किसानों ने गजब ढाया: एक साथ बोआई, रोपाई और चलाई का मोर्चा संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

लगातार हो रही अनियमित वर्षा और मौसम की अनिश्चितता के बीच आरंग ब्लॉक के किसानों ने अपने अदम्य साहस और अटूट मेहनत का परिचय देते हुए किसानी कार्यों को पूरी मजबूती से जारी रखा है। इस क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों खेतों में एक साथ धान की बोवाई, रोपाई और चलाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य चलते देखे जा सकते हैं, जो खेती के क्षेत्र में एक जीवंत मिसाल पेश कर रहे हैं।

हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण कई खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों के बीज सड़ गए और उनकी बोवाई प्रभावित हुई। बावजूद इसके, किसानों ने हार नहीं मानी और दोबारा बीज डालकर खेतों को पुनः तैयार किया। कहीं-कहीं नर्सरी तैयार करके रोपाई शुरू की गई है, तो कहीं खेतों में अभी भी चलाई और बोवाई का कार्य साथ-साथ चल रहा है। आरंग ब्लॉक के तहत आने वाले चपरिद, कुसमुंद, समोदा, गुल्लू, भिलाई, गनोद, लखौली, रीवा, कुकरा, गोढ़ी, खौली, पलौद, फरफौद, भानसोज सहित अनेक गांवों में यह दुर्लभ स्थिति देखने को मिल रही है, जहाँ एक ही समय में धान की पूरी प्रक्रिया (बोवाई, रोपाई और चलाई) एक साथ चल रही है।



### विपरीत परिस्थितियों में भी किसानों का जज्बा कायम

खौली के किसान धनाजिक चंद्राकर, मंदिरहसौद के अनिल सिन्हा, नारा के रामकुमार वर्मा, रीवा के संतोष साहू, गोढ़ी के कुलेश्वर बैस सहित अनेक किसानों ने बताया कि पानी बहुत गिरा, बीज सड़ गए। लेकिन खेती तो करनी ही है, रोपना भी है और जो बो सकते हैं वो बो भी रहे हैं। समय नहीं रुकेगा, हम भी नहीं रुकेंगे। आरंग ब्लॉक के किसानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने खेतों से नाता नहीं तोड़ा है। धान की बुवाई, रोपाई और चलाई एक साथ करके उन्होंने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और जज़्बा हो तो मौसम भी झुक सकता है। उनकी मेहनत, समर्पण और जीवटता हर किसान के लिए प्रेरणा है।

### पहली बार ठंडे पानी में पकने वाले अग्नि बोरा धान की रोपाई



आरंग। ग्राम पंचायत कुकरा (लखौली) के प्रगतिशील जैविक किसान ईश्वरी साहू ने एक बार फिर नई मिसाल कायम की है। गुरुवार को उन्होंने पहली बार ठंडे पानी में पकने वाली औषधीय गुणों से युक्त 'अग्नि बोरा' धान की रोपाई की। यह धान प्रजाति विशेष रूप से पहाड़ी व ठंडी जलवायु के लिए अनुकूल मानी जाती है, किंतु साहू जी ने इसे मैदानी क्षेत्र में जैविक विधि से तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य प्रारंभ किया है। ईश्वरी साहू पहले भी औषधीय व स्वास्थ्यवर्धक धान प्रजातियों के उत्पादन में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने पूर्व में ब्लैक राइस (काला चावल) का सफल उत्पादन किया था, जो सुगर फ्री, कैंसर विरोधी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। उनके ब्लैक राइस की मांग देश-विदेश तक रही है। 'अग्नि बोरा' धान की विशेषता यह है कि यह ठंडे पानी में पकता है और इसकी पौष्टिक गुणवत्ता अत्यंत उच्च मानी जाती है। इसमें मधुमेह नियंत्रण, हृदय रोग से सुरक्षा व कैंसर से बचाव जैसे गुण पाए जाते हैं। ईश्वरी साहू इसे पूरी तरह रसायनमुक्त जैविक विधि से उगा रहे हैं, जिससे इसकी औषधीय क्षमता और भी प्रभावी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अग्नि बोरा धान की रोपाई के लिए विशेष तकनीक और जलप्रबंधन की आवश्यकता होती है। इसकी खेती से किसानों को आम धान की तुलना में बेहतर आर्थिक लाभ के साथ-साथ समाज के लिए स्वास्थ्य रक्षक अनाज उपलब्ध कराने का आत्मिक संतोष भी मिलता है।गांव के अन्य किसान भी ईश्वरी साहू से प्रेरित होकर अब जैविक व औषधीय खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने भी उनके प्रयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ के कृषि क्षेत्र के लिए एक नई दिशा बन सकती है। ईश्वरी साहू का यह प्रयास न केवल जैविक खेती को बढ़ावा देता है, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## चरौदा में बच्चों ने मनाई गुरु पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों ने गुरू पूर्णिमा मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने बारी बारी से गुरू के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गीत भाषण, श्लोक इत्यादि का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा त्रिवेणी धीवर व उर्वसी साहू ने किया। इस अवसर पर चंपारण परिक्षेत्र भाजपा मंडल अध्यक्ष तोषण साहू उपस्थित होकर शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को श्रीफल और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। गुरुजनों से द्वारा मिला डांट मां बाप के प्यार के समान है। हमें सदैव गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। सभी बच्चों ने शिक्षकों को श्रीफल, पेन व उपहार भेंट किया। वहीं वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र पटेल ने गुरु महिमा पर स्वरचित छत्तीसगढ़ी गीत सुनाया जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। गुरू पूर्णिमा को यादगार बनाने बच्चों, शिक्षको तथा पालकों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण भी किया। पौधरोपण में संस्था प्रमुख के.के. परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चन्द्राकार, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू, शिक्षिका संगीता पाटले, पालक लोकेश साहू, सरस्वती परमार, पुन्नी मेहर, कीरतीन परमार सहित बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ मांढर कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा



धरसींवा। गायत्री परिवार ट्रस्ट, मांढर कॉलोनी के गायत्री प्रज्ञा पीठ में आज गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी के साथ, गायत्री विद्यापीठ बरौदा में भी 50 विद्यार्थियों का यज्ञ के साथ विद्यारंभ संस्कार और जन्मदिन संस्कार संपन्न हुआ। इस पुनीत अवसर पर गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री नकुल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम किशोर पाठक सीताराम साहू , चंद्रकांत चंद्राकर रामकिशन वर्मा, सीता वर्मा, दिनेश आनंद महाराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## 35 वर्षीय खोमन का जज्बा 35वां बार किया रक्तदान

**आरंग।** ग्राम लखौली में खोमन साहू सदैव दूसरों की सेवा में तत्पर रहते हुए जरूरतमंदों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करते आ रहे हैं। उन्होंने अपने जन्मदिवस पर 10 जुलाई को भी रक्तदान के साथ वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने बताया कि उनकी आयु 35 वर्ष है और वे आज मिलाकर 35वा बार रक्त दान किये है। वे अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं विवेकानंद युवा मंडल के सदस्य हैं। वे अपने जीवन मे अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं स्वामी विवेकानंद को अपना प्रेरणा स्त्रोत मानते है। जब तक जीवन रहेगा वे मेडिकल गाइडलाइन के अनुसार तब तक रक्तदान करते रहेंगे। रक्दान से



उन्हें कभी भी कमजोरी नही आई और न ही कभी मानसिक तनाव रहा वे दिन में 16 गिलास पानी पीते है एवं खाने में सुबह और शाम 4 रोटी खाते हैं। साथ ही ग्रामीण परिवेश में रहने के बावजूद भी किसी प्रकार के नशे का सेवन भी नहीं करते है। इसके अलावा वे ठंड के दिनों में समाजिक सहयोग से निराश्रितों को गर्म कपड़े भी बाटते हैं।

## शिशु मंदिर गुल्लू में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के सचिव अशोक यादव, कोषाध्यक्ष होरीलाल साहू, सहसचिव रामू लोधी, उपसरपंच योगेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, धनेश्वर धीवर और प्रधानाचार्य डोमार सिंह लोधी ने किया।

समिति के सचिव अशोक यादव ने कहा कि गुरु उस कुम्हार की तरह है, जो गीली मिट्टी को धीरे धीरे आकार देता है उसके दोषों को दूर करता है और अंत में उसमें जीवन का प्राण फूंकता हैं। गुरु के गोद में केवल निर्माण होते है, उनके पास प्रलय का कोई स्थान नहीं होते। आचार्य दीदी लुकेश्वरी लोधी ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर विद्यार्थियों को बताया कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को महर्षि व्यास देव के जन्म दिवस पर मनाया जाता है उन्हें ही प्रथम गुरु के रूप में पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने वेदों की रचना के साथ महाभारत जिसे पंचम वेद भी कहा जाता है। इस मौके पर उपसरपंच योगेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष होरीलाल साहू, सचिव अशोक यादव, सहसचिव रामू लोधी, भुनेश्वर साहू, धनेश्वर धीवर, छोटे आचार्य संतोष पटेल, आचार्य दीदी हेमलता साहू, तुलसी साहू, अमृत धीवर, बसंती साहू, कविता साहू, दुर्गा यादव, प्रेमिन पटेल मौजूद थे।

## पालिका अध्यक्ष ने किया बाजार का निरीक्षण



**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने नागरिको के साथ साथ सब्जी व्यवसायियो के परेशानी को देखते हुए बाजार का निरीक्षण किया। जहां सब्जी विक्रेताओं तथा सब्जी खरीदने आये नागरिको से मुलाकात कर उनके समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए सब्जी बाजार में सुव्यवस्थित आवाजाही के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के चलते बाजार में तत्काल बजरी बिछवाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्याक्ष हिरामन कोसले, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, सचिन गुप्ता तथा नगर पालिका स्टॉफ व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का अभनपुर में भव्य स्वागत



**अभनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के रायपुर से मैनपुर गरियाबंद एक दिवसीय जन न्याय यात्रा प्रवास के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ द्वारा शास्त्री चौक अभनपुर मे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी,पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,महामंत्री फतीस साहू, शहर महामंत्री रानू राठी, पार्षद नीलकमल गिलहरे, डोमेंद्र साहू, अभनपुर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन बघेल, राकेश बघेल, हिम्मत सिंह ,सपन पांडे, मोहम्मद खान, डॉ ओमप्रकाश साहू, रिजवान भाटी, राज शर्मा, सुमित तंबोली, रवि साहू व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रेलवे के डीआरएम ने तिल्दा रेलवे स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

गुरुवार को डीआरएम दयानंद स्पेशल सैलून से तिल्दा रेल्वे स्टेशन पहुंचे,वे भाटापारा की तरफ जा रहे थे पर अचानक वे तिल्दा रेल्वे स्टेशन में रुके, तिल्दा रेलवे स्टेशन का उन्होंने निरीक्षण किया। रेलवे स्टेशन के बाहर भी डीआरएम ने जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए।

वहीं संवाददाता एवं तिल्दा नेवरा रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य दिलीप वर्मा द्वारा डीआरएम दयानंद से पूछने पर की तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन में शामिल है और यह पहला स्टेशन है जहां पर अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत 25 फीसदी भी कार्य अभी तक नहीं हो पाए हैं, सालों से काम यहां पर अधूरा है। जबकि कई अन्य स्टेशन पूर्णता की ओर है वहीं कई स्टेशनों के कार्य प्रगति पर हैं। लेकिन तिल्दा रेलवे स्टेशन ऐसा स्टेशन है जो काफी पिछड़ा हुआ है।

जहां डीआरएम ने भीकहा की तिल्दा रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत जो विकास कार्य होने चाहिए। वह काफी धीमी गति से चल रहे हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र कार्य को गति दी जाएगी और जल्दी निर्माण कार्य पूरे हो जाएंगे। साथ ही रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य को दिलीप वर्मा ने उन्हें स्टेशन में व्याप्त समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया। इस अवसर पर रेलवे के कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राधा कृष्ण स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई



**आरंग।** राधा कृष्ण विद्या मंदिर उच्च. मा. विद्यालय आरंग में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। इस कार्यक्रम में शाला के अध्यक्ष बृजेश अग्रवाल शाला की प्राचार्या निशा श्रीवास्तव तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय कि छात्राओं द्वारा अध्यक्ष एवं प्राचार्या का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। शाला के अध्यक्ष के द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुरु पूर्णिमा की बधाई दी एवं शाला के प्राचार्या के द्वारा जीवन में गुरु के महत्व को समझाते हुए गुरु और शिष्य के बीच क्या संबंध होता है उनके महत्व को बताया गया।

शाला परिवार के सभी छात्र-छात्राओं को शुभ आशीर्वाद एवं स्नेह प्रदान किया गया। सभी बच्चों के द्वारा अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया।

**प्रारूप 8 की जानकारी दी गई**

# मतदाता सूची पुनिरीक्षण के लिए बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जिला निर्वाचन कार्यालय रायपुर के आदेशानुसार एवं एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा तथा तहसीलदार ज्योति के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षिक हाल में सात दिवसीय 3 से 9 जुलाई तक मतदाता सूची विषयक बीएलओ एवं सुपरवाइजर गण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर व्याख्याता माणिक लाल मिश्रा, व्याख्याता विजय चंद्राकर, संकुल समन्वयक राजेंद्र देवांगन के द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ना, नाम काटना एवं संशोधन के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रारूप 6, प्रारूप 6 क, प्रारूप 7 एवं



प्रारूप 8 के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही विधानसभा आरंग 52 के समस्त 251 मतदान केंद्रों के बीएलओ को 50-50 के ग्रुप बनाकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरद्वय ने बताया प्रारूप 8 एक बहुउद्देशीय फार्म है, इसके माध्यम से आम मतदाता अपने नामों की त्रुटि सुधार, पता परिवर्तन, जैसे संशोधन करा सकते है। वही वोटर हेल्प लाइन एप की देते हुए आम मतदाओं के लिए उपयोगी बताया, कोई भी मतदाता इस एप के माध्यम से नाम जोड़ने आदि के लिए स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। प्रशिक्षण में सहायक के रूप में संकुल समन्वयकगण मंजूर साहू व जग्गू राम साहू, शिक्षकगण शरद अग्रवाल, आनंद सोनी एवं तहसील से राकेश साहू की सहभागिता रही एवं बूथ लेवल ऑफीसरों ने नुक्कड़ नाटक की सहायता से मतदाताओं को जागरूक करने का डेमोंसट्रेशन भी प्रस्तुत किया तथा दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त बीएलओ एल.पी. मनहरे ने सभी के साथ महत्वपूर्ण जानकारी शेयर किए।

# धरसींवा में अपराधी बेखौफ, रात होते ही सड़कों पर दहशत का राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

एक बार फिर धरसींवा क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी दहशत का माहौल है। सिलतरा से लेकर रैता गांव तक चोरों और असामाजिक तत्वों ने खुलेआम आतंक मचा रखा है। रात 9 बजे के बाद सड़कों पर छीना-झपटी और लूटपाट की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन पुलिस की कथित सुस्ती के चलते अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

- सिलतरा से रैता तक बदमाशों का राज, आधी रात तक सड़कों पर सरेआम लूटपाट



सप्ताह भर पूर्व ही आधी रात को रैता पेट्रोल पंप पर खुलेआम चाकूबाजी की वारदात हुई, जिसकी सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस फुटेज में हमलावर साफ दिखाई दे रहे हैं, लेकिन हैरत की बात यह है कि इतने दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इतना ही नहीं, रैता के पूर्व सरपंच विद्या भूषण वर्मा की दुकान में भी आधी रात के बाद लाखों की चोरी हुई। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। यह पूरी वारदात भी सीसीटीवी में कैद है, जिसमें चोरों की हरकतें स्पष्ट रूप से दिख रही हैं। इसके बावजूद, पुलिस इन चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

**कार्रवाई की जायेगी**

थाना प्रभारी रोजेंद्र दीवान ने बताया कि चोरी और चाकूबाजी की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है पुलिस जांच कर रही है जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगी।

**दीवान**
थाना प्रभारी धरसींवा

# अराजपत्रित 66 हजार पुलिसकर्मियों के भत्ते में पांच गुना से ज्यादा वृद्धि करने अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस महकमे में अराजपत्रित पुलिस अफसरों की भत्ते में कई दशकों से बढ़ोतरी नहीं हुई है। पुलिसकर्मियों का भत्ता बढ़ाने फरवरी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसआरपी कल्लुरी के नेतृत्व में छह सदस्यी कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने अराजपत्रित पुलिस अफसरों के भत्ता में साढ़े पांच गुना से ज्यादा बढ़ोतरी करने की अनुशंसा की है। कमेटी की अनुशंसा के अनुरूप भत्ते में बढ़ोतरी होने पर अराजपत्रित पुलिस अफसरों को वर्तमान में मिल रहे तमाम प्रकार के भत्ता की राशि साढ़े 16 सौ रुपए है, वह बढ़कर नौ हजार रुपए हो जाएगा। वित्त विभाग की अनुमति मिलने के बाद 15 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पुलिस कर्मियों के भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकते हैं। भत्ता बढ़ाने पर शासन को 50 करोड़ रुपए के करीब अतिरिक्त भार पड़ेगा। पुलिसकर्मियों का भत्ता बढ़ाने एसआरपी कल्लुरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी में डीआईजी छसबल अरविंद कुजूर, मनीष शर्मा, वित्त नियंत्रक शंकर झा, एआईजी रोहित झा, अंशुमान सिंह सिसोदिया को शामिल किया गया था। विभागीय अफसरों के साथ चर्चा और पुलिसकर्मियों की जरूरत को देखते हुए कमेटी ने भत्ता बढ़ाए जाने की अनुशंसा की है। अलग राज्य बनने के बाद से अराजपत्रित पुलिस अफसरों के भत्तों में किसी भी प्रकार से बढ़ोतरी नहीं की गई है। पूर्व में भी अराजपत्रित पुलिस अफसरों का भत्ता बढ़ाने कमेटी का गठन किया गया था, लेकिन कमेटी द्वारा की गई अनुशंसा का पालन नहीं किया गया।

- भत्तों में बढ़ोतरी करने निचले स्तर के पुलिसकर्मी कर रहे थे मांग
- वर्तमान में पुलिसकर्मियों को मिल रहे 1660 रुपए को बढ़ाकर नौ हजार करने की अनुशंसा




### पुलिसकर्मियों की संख्या 66 हजार से ज्यादा

राज्य के अलग-अलग जिलों में वर्तमान में 66 हजार के करीब पुलिस बल है। जनसंख्या के हिसाब से राज्य में पुलिस बल की संख्या कम है। इस वजह से निचले स्तर के पुलिसकर्मियों को तय समय से ज्यादा समय तक ड्यूटी करना पड़ता है। बढ़ती महंगाई के साथ तय समय से ज्यादा ड्यूटी करने के साथ अन्य राज्यों की तुलना में कम भत्ता मिलने से पुलिसकर्मी तनाव में रहते हैं। जानकारों के अनुसार भत्ता बढ़ाए जाने से पुलिसकर्मियों के मनोबल में बढ़ोतरी होगी और उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

### इस तरह से की गई है अनुशंसा

- पौष्टिक आहार - 100 रुपए से बढ़ाकर 1000
- वर्दी धुलाई - 60 रुपए से बढ़ाकर 500
- रायफल भत्ता - 200 से 300 रुपए बढ़ाकर 1000
- यात्रा भत्ता - 100 रुपए से बढ़ाकर 1000
- वाहन भत्ता - 100 रुपए से बढ़ाकर 1000
- वर्दी भत्ता - 800 रुपए से बढ़ाकर 4000 तीन वर्ष के लिए
- एसटीएफ को मिलने वाला राशन भत्ता 2000 से 2200 रुपए बढ़ाने किसी तरह से अनुशंसा नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप



### छग प्रवास पर पहुंचे सौदान

**रायपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे। उनका माना विमानतल पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।
स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, श्याम नारंग, भाजपा नेता प्रीतेश गांधी शामिल थे। सौदान सिंह एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने स्व. राजेश अवस्थी के निवास जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए व परिवार जन से मुलाकात की। श्री सिंह दोपहर बाद निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रात्रि विश्राम करने के बाद कल सुबह कोलकाता रवाना होंगे।

### अपेक्स बैंक के अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधकों की ली बैठक

**रायपुर।** अपेक्स बैंक के प्राधिकार अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के महासमुंद, रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने सहकार से समृद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत 550 सहकारी समितियों में किए जा रहे पैक्स कम्प्यूटरीकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खरीफ फसल के अंतर्गत कृषक उन्नति योजना और ऋण वितरण की भी जानकारी ली। आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण और बैंक की तकनीकी सेवाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

### ग्रीन आर्मी का शीतला बाजार में पॉलीथिन मुक्त अभियान



**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने शीतला बाजार, पुरानी बस्ती को पॉलीथिन मुक्त बनाने के अपने अभियान को तेज कर दिया है। यह पहल न केवल पॉलीथिन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ा रही है, बल्कि स्थानीय समुदाय को इसके उपयोग को पूरी तरह बंद करने के लिए भी प्रेरित कर रही है। अभियान के तहत 300 से अधिक जागरूकता पांपलेट वितरित किए गए, जिसमें पॉलीथिन के पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शीतला बाजार को पूरी तरह से पॉलीथिन मुक्त बनाना है और इसके लिए एक महीने तक निरंतर प्रयास किए जाएंगे। ग्रीन आर्मी के पुरानी बस्ती जोन और ब्राह्मण पारा जोन के सदस्य हर सुबह शीतला बाजार में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। संस्थापक अमिताभ दुबे, जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा समेत अन्य पदाधिकारी अभियान में जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्रीन आर्मी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने दी।

### सतनामी समाज की बैठक 13 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि पर परंपरानुसार राजधानी में सतनामी समाज की ओर से स्मृति दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 13 जुलाई रविवार को दोपहर 2 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन मिनीमाता स्मृति भवन हॉल में सतनामी समाज की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है।

### मुख्यमंत्री ने 10 महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपे अनुबंध पत्र

# अब रेडी-टू-ईट निर्माण व वितरण कार्य महिला स्वसहायता समूह को, मोदी की गारंटी का एक और वादा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने के निर्णय पर अमल की पहल की शुरुआत गुरुवार को रायगढ़ जिले से की गई है। मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 10 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी टू ईट निर्माण एवं वितरण के लिए अनुबंध पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री कहा, राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी टू ईट) के निर्माण एवं वितरण का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। यह कार्य प्रारंभिक चरण में 6 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ किया जाएगा। रायगढ़ इसका पहला जिला बना है, जहां 10 महिला स्व-सहायता समूहों को अनुबंध पत्र वितरित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, इन समूहों की बहनें अब आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ इस कार्य से अपनी आमदनी भी बढ़ाएंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी। यह योजना महिलाओं को स्वरोजगार के साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सार्थक पहल है। साथ ही बच्चों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने रेडी-टू-ईट के निर्माण और वितरण कार्य महिला स्व सहायता समूह से छीन लिया था। पोषण आहार का निर्माण और वितरण का कार्य बीज निगम के माध्यम ये एक कंपनी को सौंपा गया था।




### 10 महिला समूहों का चयन

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में रेडी टू ईट कार्य हेतु 10 महिला समूहों का चयन किया गया है, जिन्हें अनुबंध पत्र प्रदान किए गए हैं। इन समूहों को रेडी टू ईट यूनिट की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज योजना के अंतर्गत उद्योग विभाग द्वारा पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। रायगढ़ जिले की रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, पुसौर, खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, मुकड़ेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट वितरण के लिए महिला समूहों का चयन किया गया है।

### प्रथम चरण में 6 जिले शामिल

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत कार्य कर रही है। पूरे देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। इसी दिशा में रेडी टू ईट योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके प्रथम चरण में 6 जिलों को शामिल किया गया है। रायगढ़ ऐसा पहला जिला है जहां महिला समूहों को अनुबंध पत्र सौंपे गए हैं।

# वनोपज से वनांचल के लोगों के जीवन में आर्थिक समृद्धि : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति (आईडीसी) की 307वीं बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्री निवास कार्यालय में हुई। वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बैठक में लिए गए जनकल्याणकारी निर्णयों से राज्य में लघु वनोपजों के व्यापार को ज्यादा मजबूती मिलेगी और वनांचल के लोगों की आय में बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ उनके जीवन स्तर में आर्थिक बदलाव भी आयेगा। मंत्री श्री कश्यप ने उम्मीद जताई है कि इससे वनोपज निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### निर्णयों की प्रगति की समीक्षा

वन मंत्री मंत्री ने 306वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वर्ष 2023-24, तथा 2024-25 के लिए भारत सरकार की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के अंतर्गत 16 प्रमुख वनोपजों जैसे महुआ फूल, तेंदूपत्ता (बीज रहित), गोंद, हर्रा, बहेरा, चिरौंजी, कोदो, कुल्थी, रागी, गिलोय, कुसुम बीज, बहेड़ा बीज आदि वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी के प्रस्ताव को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी तरह बैठक में वर्ष 2024-25 एवं 2025 के लिए समर्थन मूल्य योजनांतर्गत वनोपजों की विक्रय दरों के निर्धारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा विचार किया गया। इस अवसर पर सचिव वन अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव, राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक अनिल साहू, सलमा फारुकी सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# निलंबन की कार्रवाई के बाद दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार बदले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कोर्ट में चालान पेश होने के बाद शासन ने अफसरों को निलंबित करने लिया निर्णय

राज्य में 2176 करोड़ रुपए का शराब घोटाला उजागर होने के तीन साल बाद दागी 22 अफसरों को शासन ने निलंबन की कार्रवाई की। अफसरों के निलंबन के साथ ही दो दर्जन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया है। इनमें एक जिला आबकारी आयुक्त को फील्ड से हटाकर मुख्यालय में अटैच किया गया है। जिन आबकारी अफसरों के प्रभार में बदलाव किया गया है, उसके मुताबिक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला आयुक्त को नवा रायपुर मुख्यालय अटैच किया गया है। इसी तरह से जिला आबकारी अधिकारी डॉ. पलक नंद का स्थानांतरण जीपीएम से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार सिंह बलौदाबाजार-भाटापारा से गरियबांद, चंद्रहास यदु बस्तर से बिजापुर, योगेश्वर कुमार द्विवेदी कोरिया से बालोद, अभिषेक तिवारी बीजापुर से राजनांदगांव, दीपक ठाकुर सुकमा से दंतेवाड़ा, राजेश कुमार शर्मा बालोद से रायपुर, बिलासपुर, सिरगिट्टी में स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन का गोदाम प्रभारी बन प्रतिनियुक्ति पर गई नीलिमा दिघ्रस्कर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें जांजगीर-चांपा जिले में सहायक आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश अग्रवाल संभागीय उड़नदस्ता रायपुर से बलौदाबाजार, रविशंकर साय बिलासपुर से मुंगेली, सुनील कुमार सूर्यवंशी बलरामपुर-रामानुजगंज से महासमुंद, निरुपमा लोन्हारे दुर्ग से धमतरी, सारिका प्रसाद बोर्डे स्टेट बेवरेज बिलासपुर का प्रतिनियुक्ति समाप्त कर बिलासपुर में तैनाती, रमेश कुमार अग्रवाल कोरबा से कोरिया, शशिकला पैकरा एमसीबी से एमसीबी स्वतंत्र प्रभार, सत्यनारायण साहू दुर्ग से बलरामपुर-रामानुजगंज, सीमा गुप्ता बिलासपुर से जीपीएम, कल्पना राठौर बिलासपुर से मुंगेली, संतराम वर्मा सारंगढ़-बिलाईगढ़ से सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्वतंत्र प्रभार, समीर मिश्रा बिलासपुर से प्रतिनियुक्ति पर स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन सिरगिट्टी, वी. विक्रम आनंद बिलासपुर से बेमेतरा, गजेंद्र कुमार नेताम सुकमा से सुकमा स्वतंत्र प्रभार, उत्तम बुद्ध भारद्वाज का स्थानांतरण महासमुंद से रायपुर किया गया है।

# विधायक मूणत ने कहा- विकास कार्यों की स्वयं करेंगे निगरानी, हीरापुर से की जनचौपाल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अधिकारियों से कहा, सड़क नाली नहीं बनी तो कैमरे से सबूत पकड़ूंगा
- हीरापुर में 25 लाख की लागत से बनेगा नया सामुदायिक भवन, दिव्यांग बालिकाओं के लिए शयन कक्ष



रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने गुरुवार को वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर से जन चौपाल की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब विकास कार्यों की निगरानी वे स्वयं करेंगे। कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पैसा खर्च करना पर्याप्त नहीं है, उसका प्रभाव जमीन पर दिखना चाहिए। श्री मूणत ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि सड़क और नाली नहीं बनी, तो कैमरे से सबूत पकड़ूंगा। अपने उद्बोधन में राजेश मूणत ने कहा कि हर वार्ड में साल में अब दो बार जन चौपाल लगाई जाएगी, जिसमें आम जनता की समस्या का समाधान होगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने नगर निगम के वीर सावरकर वार्ड से जनचौपाल का आगाज किया। इस मौके पर जनचौपाल में डेढ़ वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि वे जनता के प्रति जवाबदेह हैं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करना उनकी जिम्मेदारी है। श्री मूणत ने कहा कि जन चौपाल का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि समाधान सुनिश्चित करना है। हीरापुर के नागरिकों ने इस दौरान सामुदायिक भवन के विस्तार की मांग रखी। राजेश मूणत ने बताया कि पहले 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी थी, अब उसमें 15 लाख रुपये और जोड़कर कुल 25 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि भवन को अधिक सुविधाजनक और उपयोगी बनाया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने एनआरबी प्रेरणा गुरुकुलम विद्यापीठम में दृष्टि दिव्यांग बालिकाओं के लिए एक अतिरिक्त शयन कक्ष के निर्माण की घोषणा की। इस कार्य के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने इसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताया। हीरापुर में आयोजित जन चौपाल में वार्ड के नागरिकों ने सड़क, नाली, जल आपूर्ति, राशन कार्ड, पेंशन, आधार कार्ड जैसी समस्याएं रखीं। विधायक राजेश मूणत ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने नागरिकों से कहा कि शिकायत करते समय आवेदन में अपना मोबाइल नंबर अवश्य दें, ताकि समाधान की सूचना उन्हें सीधे दी जा सके। श्री मूणत ने निर्देश दिए कि जिन बस्तियों में अभी तक सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं, उनकी वीडियोग्राफी कर नवंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जनता भी ऐसे स्थानों की जानकारी वीडियो बनाकर कार्यालय तक पहुंचा सकती है, ताकि कार्रवाई में तेजी लाई जा सके। जन चौपाल में अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर, ज़ोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, लोक कर्म विभाग के अधिकारी, नगर निवेश एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लक्ष्य 14.62 लाख मीट्रिक टन, 12.60 लाख मीट्रिक टन भंडारण हुआ

# खरीफ फसल की बोनी में आई तेजी, खाद के लिए जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसूनी बारिश के बाद खरीफ फसल की बुआई का काम जोर पकड़ रहा है। किसानों की ओर से इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। खाद और उर्वरकों का समितियों से उठाव लगातार हो रहा है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके और एसएसपी खाद का छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

समितियों में खाद का भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कई समितियों में एनपीके और एसएसपी की मात्रा कम होने पर मांग के अनुरूप उपलब्ध्ध कराने के प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश में कृषि और सहकारिता विभाग द्वारा खाद के वितरण की मानिटरिंग की जा रही है। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों को 8 लाख 35 हजार 692 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरक में 4 लाख 409 मीट्रिक टन यूरिया, 1 लाख 14 हजार 276 मीट्रिक टन डीएपी, 1 लाख 41 हजार 064 मीट्रिक टन एनपीके, 46 हजार 463 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 33 हजार 480 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण किया गया है।

कृषि एवं सहकारिता विभाग कर रहा लगातार मानिंटरिंग



### लक्ष्य से दो लाख टन खाद का कम भंडारण

*राज्य में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को 14.62 लाख मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 12 लाख 60 हजार 731 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरुद्ध 8 लाख 35 हजार 692 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसाइटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खाद बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।*

### गुणवत्ता की जांच में लगभग 300 नमूने फेल

*कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है। राज्य में रासायनिक उर्वरकों, बीज एवं पौध संरक्षण औषधियों के जांच के लिए अबतक 6245 नमूने लिए गए है। इनमें से सभी प्रक्ररणों को गुणवत्ता जांच के लिए भेजे गए है, जिसमें 4775 नमूने मानक और 297 अमानक पाए गए। 31 नमूनों को निरस्त किया गया तथा 1142 नमूनों में जांच की कार्यवाही चल रही हैं।*

### बीज के 245 नमूने अमानक

*कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा इस खरीफ सीजन में बीज के 5515 नमूने, उर्वरक के 4000 और पौध संरक्षण औषधी के 969 नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए लक्ष्य रखा गया हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अबतक बीज के 4439, उर्वरक के 1641 और पौध संरक्षण औषधी के 165 नमूने लिए गए हैं। जिसे जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में प्रीक्षण कराया गया जिसमें बीज के 3613 नमूने मानक तथा 245 अमानक पाए गए, इसी तरह उर्वरक के 1078 नमूने मानक और 45 नमूने अमानक पाए गए तथा पौध संरक्षण औषधी के 84 नमूने अमानक तथा 7 नमूने अमानक पाए गए।*

# यथावत रहेंगे प्रैक्टिकल में फेल विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा के अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने 10वीं और 12वीं कक्षा के कंपार्टमेंट और सप्लीमेंट्री उम्मीदवारों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाओं को लेकर खास दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये प्रैक्टिकल परीक्षाएं सप्लीमेंट्री परीक्षाओं के साथ ही 10 जुलाई से 15 जुलाई के बीच होंगी।

प्रैक्टिकल परीक्षाओं का यह विशेष दौर केवल उन्हीं छात्रों पर लागू होगा जिन्हें उनके मुख्य परीक्षा के परिणामों के आधार पर खास कैटेगरी में रखा गया है। सीबीएसई ने पात्रता, परीक्षा केंद्रों और मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में साफ निर्देश दिए हैं। जिन्हें 'प्रैक्टिकल में दोहराएं' कैटेगरी में रखा गया है, उन्हें केवल प्रैक्टिकल परीक्षा देनी होगी। उनकी मुख्य बोर्ड परीक्षा के थ्योरी के नंबर वैसे ही रहेंगे और फाइनल रिजल्ट में जोड़े जाएंगे। जो छात्र 'थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों में रिपीट' कैटेगरी में आते हैं, उन्हें इस सप्लीमेंट्री परीक्षा में थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों परीक्षाएं देनी होंगी।

### प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों को नहीं दिलानी होगी सैद्धांतिक परीक्षा

#### परीक्षा के दिन ही अपलोड करने होंगे प्रैक्टिस

बोर्ड ने यह स्पष्ट किया है कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं में दिए गए सभी अंक परीक्षा होने के उसी दिन बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाने चाहिए। एक बार दर्ज किए जाने के बाद, इन नंबरों को अंतिम माना जाएगा और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। सुधार या बदलाव के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए, छात्रों को तय तिथि तक अपने रिजल्ट की प्रिंटेड कॉपी और एडमिट कार्ड के साथ अपने स्कूलों या आवंटित केंद्रों पर पहुंचने कहा गया था। स्कूल छात्रों को उनकी प्रैक्टिकल परीक्षाओं की सटीक तारीख और समय के बारे में सूचित करेंगे।




#### दोबारा नहीं होगा आंतरिक मूल्यांकन

अगर किसी छात्र को मुख्य बोर्ड परीक्षा के दौरान आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित दिखाया गया था, तो उन्हें सप्लीमेंट्री परीक्षा के थ्योरी पेपर में उनके प्रदर्शन के आधार पर आनुपातिक आंतरिक अंक दिए जाएंगे। ऐसे उम्मीदवारों के लिए कोई नया आंतरिक मूल्यांकन नहीं होगा। रेगुलर स्टूडेंट्स के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं उनके अपने स्कूलों में ही सामान्य प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आयोजित की जाएंगी। प्राइवेट उम्मीदवारों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाएं उन्हीं केंद्रों पर होंगी जहां उनकी थ्योरी की परीक्षाएं होनी हैं। अगर इन केंद्रों पर प्रैक्टिकल परीक्षा कराने की जरूरी सुविधाएं नहीं हैं, तो संबंधित सीबीएसई रीजनल ऑफिस एक ऑप्शनल केंद्र तय करेगा।

## खबर संक्षेप


फाइल फोटो

### ब्लीचिंग पावडर छिड़काव

**रायपुर।** नगर निगम के 10 जोनों के जल विभाग द्वारा शहर में स्थित पावर पंप और हैंड पम्प का डिसइंफेक्शन कार्य जलजनित रोगों की कारगर रोकथाम करने तीन चरणों में किया जा रहा है। साथ ही ब्लीचिंग पावडर का घोल बनाकर छिड़काव किया जा रहा है। गुरूवार को दूसरे चरण में पावर पंप, हैंड पंप में डिसइंफेक्शन कार्य अभियान चलाकर जोन 8 जल विभाग की टीम द्वारा वार्डों में किया गया।

### प्रीबीएड-डीएलएड के नतीजे जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरुवार को बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। 22 मई को व्यापम द्वारा यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रीबीएड के लिए 1.90 लाख और प्रीडीएलएड के लिए 2.83 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। बीएड प्रवेश परीक्षा में उपस्थिति 67 प्रतिशत तथा डीएलएड में 73% रही थी। उपस्थित छात्र अपने नतीजे व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्राप्तांकों के आधार पर अब एससीईआरटी बीएड और डीएलएड महाविद्यालयों के लिए काउंसिलिंग शुरू करेगा।

### मैनपाट में विकास यात्रा नहीं जंगल कटाई

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने भाजपा के मैनपाट में मंथन शिविर पर कहा है कि राज्य सरकार घूमने-फिरने और प्रचार के दिखावे में लगी हुई है। राज्य में बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, वन कटाई, बदहाल शिक्षा जैसे गंभीर मुद्दे चल रहे हैं, सरकार घूमने में व्यस्त है। जिस मैनपाट में शिविर लगा है, वहां हसदेव जंगल कट रहा है और सरकार मैनपाट में विकास यात्रा के नाम पर मौज कर रही है। प्रदेश में लगातार बारिश से कई शहरों की निचली बस्तियां जलमग्न हो चुकी हैं, लेकिन सरकार का ध्यान लोगों की समस्याओं की बजाय मैनपाट में पिकनिक पर है।

### डिप्टी सीएम साव ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

# सितंबर तक पूरा होगा विधानसभा के नए भवन का काम, इंटीरियर और फर्नीचर कार्य चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुरुवार को नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन तीनों विंगों के कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहां सिविल वर्क पूर्ण होने के बाद फर्नीचर और इंटीरियर का काम प्रगति पर है। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी भी मौजूद थे।

नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन 52 एकड़ में निर्माणाधीन है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए विधानसभा भवन में कार्यों के निरीक्षण के बाद कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यहां सभी कार्यों को सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। आगामी 1 नवम्बर को राज्योत्सव पर इसे छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित करने की तैयारी की जाएगी। नए भवन में विंग-ए जहां विधानसभा सचिवालय लगेगा और विंग-सी जहां उप मुख्यमंत्रियों एवं मंत्रियों के कार्यालय रहेंगे, का काम लगभग पूर्णता की ओर है। विधानसभा के सदन, सेंट्रल हॉल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय वाले विंग-बी में भी फर्नीचर और इंटीरियर का काम जल्दी चालू होगा।



#### पूरे देश के लिए दर्शनीय होगा

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यों के निरीक्षण के दौरान विधानसभा के सदन में विधायकों के लिए लगने वाली कुर्सी का अवलोकन कर इसकी विशेषताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा, विधानसभा के नए भवन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति और शिल्प की झलक मिलेगी। यह राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए दर्शनीय भवन होगा।

- आगामी 1 नवम्बर को राज्योत्सव पर इसे छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित करने की तैयारी की जाएगी
- विंग-बी में भी फर्नीचर और इंटीरियर का काम जल्दी चालू होगा

#### 200 सदस्य बैठ सकेंगे सदन में

इसके सदन में सदस्यों की बैठक क्षमता 200 होगी। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। 700 कारों की पार्किंग क्षमता वाले परिसर में डेढ़-डेढ़ एकड़ के दो सरोवरों का निर्माण भी प्रस्तावित है।

# फर्जी जीएसटी अफसर ने सीबीआई कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- एक जीएसटी अधिकारी को सीबीआई ने जनवरी में रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था
- जीएसटी अफसर के साथ एक अन्य के शामिल होने की सीबीआई को मिली थी जानकारी

दुर्ग के कारोबारी से जीएसटी सेटलमेंट के नाम से रिश्वत लेने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार सेंट्रल जीएसटी सुपरिटेंडेंट भरत सिंह के एक साथी ने गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में सरेंडर किया है। सेंट्रल जीएसटी अफसर के जिस साथी ने कोर्ट में सरेंडर किया है, वह सुपरिटेंडेंट भरत सिंह तथा विनय राय के साथ कारोबारी के यहां वसूली करने गया था। फर्जी अफसर का सेंट्रल जीएसटी के अफसरों ने मिश्रा के नाम से परिचय कराया था।

कोर्ट में सरेंडर करने वाले फर्जी अफसर का नाम अनिल गुप्ता है। सरेंडर करने की जानकारी मिलने के बाद सीबीआई अफसर अनिल गुप्ता से पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। कोर्ट ने अनिल गुप्ता से पूछताछ करने 14 जुलाई तक की रिमांड स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग के कारोबारी लालचंद अठवानी की कंपनी द वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी से जुड़ा है। 28 जनवरी को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कंपनी पर छापा मारा था और दस्तावेज जब्त किए। इनमें अनियमितताएं पाए जाने पर रायपुर में पदस्थ जीएसटी अधीक्षक भरत सिंह ने इस केस को निपटाने' के लिए 34 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआई के अफसर अनिल गुप्ता से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश करेंगे कि उसका जीएसटी अफसरों के साथ किस तरह से संबंध थे और उसने अफसरों के साथ मिलकर और कहां-कहां वसूली की है।

### कुलदीप निगम की जयंती पर वृद्धाश्रम, बालगृह एवं नर्रा में किया नमन

**रायपुर।** माना कैम्प में छत्तीसगढ़ के प्रथम वृद्धाश्रम की स्थापना करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संस्थापक सदस्य, प्रथम महासचिव, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्व. कुलदीप निगम की 61वीं जयंती के अवसर पर माना कैम्प स्थित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग एवं मानसिक दिव्यांग बालगृह बालक एवं बालिका में स्व. निगम की प्रतिमा एवं फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर फल वितरित किए गए। इस अवसर कुलदीप निगम वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेंद्र निगम, सचिव बिमल घोषाल, प्रीति निगम, पारुल चक्रवर्ती, लीला यादव, वृद्धाश्रम और बालगृह के कर्मचारी उपस्थित थे।



# रेलवे क्रॉसिंग अब होंगे हाईटेक, सीसीटीवी और आधुनिक उपकरणों से निगरानी, नियम तोड़ने पर कर सकेंगे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे क्रॉसिंग पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों की परेशानियां कम करने के लिए रेलवे अब सख्त कदम उठाने जा रहा है। जोन की सभी लेवल क्रॉसिंग पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की मदद से रेलवे फाटक के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखी जाएगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में सभी एलसी पर सीसीटीवी कैमरे, रिकॉर्डिंग सिस्टम, स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा के ये उपाय हर मंडल में आवश्यक हैं।रायपुर मंडल में ही 1000 से अधिक रेलवे क्रॉसिंग होंगी, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। अभी तक कैमरे न होने के कारण नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई कर पाना मुश्किल था, आने वाले समय में अब नई व्यवस्था के तहत इन पर निगरानी रखकर कार्रवाई की जा सकेगी। बता दें कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बावजूद वाहन लेकर पार करना रेलवे अधिनियम 1989 के तहत अपराध है। इसके लिए धारा 147 के अंतर्गत 6 महीने की कैद, 500 जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। अब सीसीटीवी कैमरों की मदद से इन मामलों में साक्ष्य जुटाकर कानूनी कार्रवाई संभव होगी।


हरिभूमि सरोकार

#### रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे उठा रहा ठोस कदम

*पिछले कुछ वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में कमी जरूर आई है, लेकिन इन्हें पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्रालय लगातार प्रयासरत है कि आधुनिक तकनीक और उपकरणों की मदद से रेल यात्रा को और अधिक सुरक्षित बनाया जाए। इसी दिशा में जारी किए गए निर्देशों का उद्देश्य भी रेलवे को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करना है।*



- क्रॉसिंग को समाप्त करने बनाए रोड अंडरब्रिज
- रेल मंत्री ने किया रिव्यू, सभी जोन के अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश
- रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग गेट सुरक्षा पर उठाया सख्त कदम



#### रेलवे जोन को निर्देश - क्रॉसिंग की सूची तैयार की जाए

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा जोन को जारी निर्देशों में यह भी कहा गया है कि सड़क यातायात के लिए बंद किए गए रेलवे क्रॉसिंग को पुनः खोलने की नीति की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद ही इनके भविष्य को लेकर कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। गैर-इंटरलॉक्ड गेटों पर वॉइस लॉगर प्रणाली की कार्यशीलता की पुष्टि मंडल रेल प्रबंधकों द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही ऐसी सभी क्रॉसिंग जिन्हें बंद करने की योजना है, वहां वैकल्पिक रूप से रोड अंडरब्रिज और रोड ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। रेलवे जोन को यह भी निर्देश दिया गया है कि उन क्रॉसिंग की सूची तैयार की जाए, जहां अक्सर विवाद, झगड़े या मारपीट की घटनाएं होती हैं, ताकि वहां प्राथमिकता के आधार पर समाधान की प्रक्रिया शुरू की जा सके। सभी क्षेत्रीय रेलवे मंडलों को इन कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, ताकि यातायात सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके।



### सफाई कामगारों को रेनकोट वितरित

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 अंतर्गत संत रविदास वार्ड के सरोना में वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने 30 ठेका सफाई कामगारों को अनुबंधित सफाई ठेकेदार द्वारा नियमानुसार उपलब्ध करवाये गए रेनकोट का वितरण किया। इस मौके पर जोन जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता फरहाज फारूखी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगनकी उपस्थिति रही।

## बिजनेस साइट

# जीके इलेक्ट्रिक ने शुरू की नए मॉडल 'जीके अल्ट्रा प्लस' की डिलीवरी

**रायपुर।** मध्यभारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने अपने नए मॉडल 'जीके अल्ट्रा प्लस' की डिलीवरी शुरू कर दी है।

इस मॉडल की पहली डिलीवरी निरंजन सरकार को दी गई, जिन्होंने वाहन की मजबूती, किफायती संचालन और आधुनिक फीचर्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गाड़ी अन्य मॉडलों की तुलना में अधिक मजबूत और बजट के अनुकूल है। इस अवसर पर जीके मोटर्स के सीईओ संजय पंजाबी ने जानकारी देते हुए बताया कि 'जीके अल्ट्रा प्लस' में कई आधुनिक और स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे खास बनाते हैं। इनमें मजबूत मेटल बॉडी, हाईड्रॉलिक ब्रेक्स, बड़े टायर्स, हाइड्रोलिक फ्रंट सस्पेंशन और बेहतर ड्राइवर कम्फर्ट शामिल हैं। इसके साथ 3 वर्षों की बैटरी वारंटी और 48 घंटे की अपटाइम गारंटी भी दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को भरोसेमंद और बेफिक्र ड्राइविंग का अनुभव मिलेगा।




### बालको मेडिकल सेंटर का रायपुर में एक दिवसीय कैंसर जांच शिविर




**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर ने जिला औषधि विभाग और डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन के सहयोग से रायपुर स्थित मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एक दिवसीय कैंसर जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की प्रारंभिक पहचान और आमजन में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर के दौरान कुल 41 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 4 मरीजों को प्राथमिक लक्षणों के आधार पर आगे की विस्तृत जांच के लिए संदर्भित किया गया।

### रायपुर में कैंसर मरीजों के लिए 'कार्सिनोमा केयर सेंटर' की शुरुआत



**रायपुर।** कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। टाटीबंध रायपुर में कार्सिनोमा केयर सेंटर की शुरुआत की गई है, जो कैंसर मरीजों के इलाज और देखभाल के क्षेत्र में एक अहम कदम माना जा रहा है। इस डे केयर सेंटर में 15 बिस्तरों की व्यवस्था है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। सेंटर का संचालन प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. देवा दुलाल बिस्वाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में एक अनुभवी और प्रशिक्षित मेडिकल टीम हर पहलू पर मरीजों की सेवा में तत्पर है। सेंटर में कीमोथैरेपी, एंटी कैंसर वैक्सीनेशन, ऑक्सिजिनेशन सुविधा, और इम्यूनो थैरेपी जैसी उन्नत चिकित्सा सेवाएं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रदान की जा रही हैं। साफ-सफाई, मरीजों की सुविधा, इंफ्रास्ट्रक्चर और काउंसिलिंग जैसी सेवाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे मरीजों को इलाज के साथ मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी मिल सके।

# दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन अब नए नियमों के तहत, 14 अगस्त तक कराना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम के प्रभावशील होने के बाद, दुकान एवं स्थापना पंजीयन का कार्य श्रम विभाग के जिला कार्यालय द्वारा विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। यदि किसी दुकान या स्थापना में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, तो पंजीयन कराना अनिवार्य है। अधिनियम लागू होने के दिनांक से 6 माह की अवधि के भीतर पंजीयन कराना आवश्यक है। यह अवधि 13 फरवरी से 14 अगस्त तक है ।

छह माह बाद निर्धारित शुल्क के साथ-साथ 25 प्रतिशत विलंब शुल्क तथा अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत प्रशमन की कार्यवाही के बाद ही पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। अतः समस्त दुकान एवं स्थापनाओं के नियोजकों/संचालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के अंतर्गत निर्धारित समयावधि के पूर्व अपनी स्थापनाओं का पंजीयन सुनिश्चित करें।



- 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं तो पंजीयन अनिवार्य

#### नया अधिनियम लागू

दुकान एवं स्थापनाओं के पंजीयन के लिए जारी अधिसूचना के फलस्वरूप, 13 फरवरी से पूर्व में प्रचलित छग दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 निरस्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) नियम, 2021 राज्य में 13 फरवरी से प्रभावशील हो गए हैं।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



चंदन का इस्तेमाल करने से ...

लाइव इवेंट

## टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों पर होगी भर्ती, मिली स्वीकृति



**रायपुर।** भारत में शहरीकरण की तीव्र गति को सुनियोजित विकास की दिशा प्रदान करने के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को साकार करने के उद्देश्य से, छत्तीसगढ़ राज्य में टाउन प्लानर्स के 50 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है। उक्त पदों में उपसंचालक योजना के 10 पद, सहायक संचालक योजना के 17 पद एवं वरिष्ठ योजना सहायक के 23 पद शामिल हैं। नीति आयोग, भारत सरकार की रिपोर्ट एवं अर्बन प्लानिंग रिफॉर्म्स के अंतर्गत टाउन प्लानिंग कैपेसिटी को बढ़ाने के उद्देश्य से यह अहम कदम उठाया गया है, जिससे भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्मार्ट सिटी, अमृत मिशन, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना आदि को गति मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित स्टेट कैपिटल रीजन के गठन के उद्देश्य को भी साकार किया जा सकेगा।

### शीघ्र ही भर्ती की जाएगी

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त पदों की स्वीकृति में वित्त एवं आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने व्यक्तिगत रुचि लेते हुए प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ के शहरों को वैश्विक पहचान दिलाए जाने के विजन को आगे बढ़ाया है। अगले चरण में उक्त पदों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती एवं पदोन्नति की जाएगी, जिससे राज्य में टाउन प्लानर्स की कमी को पूरा किया जा सकेगा। उक्त पदों के सृजन से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों जैसे एनआईटी रायपुर, सीएसवीटीयू भिलाई आदि में अध्ययनरत अर्बन प्लानिंग छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार है, क्योंकि उक्त पदों के सृजन से शीघ्र ही भर्ती की जाएगी एवं रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के शहरों का सुनियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

गुरु महिमा का किया गुणगान, शिष्यों ने श्रद्धा भक्ति से किया पूजा-अर्चना

# गुरु पूर्णिमा पर निभाई गुरु शिष्य परंपरा स्कूल-कॉलेज और मठ-मंदिरों में मना उत्सव

"

'गुरु की महिमा का बखान करना किसी के लिए भी संभव नहीं है, लेकिन गुरु पूर्णिमा पर मठ-मंदिरों समेत स्कूलों और कॉलेजों में भी 10 जुलाई को गुरु की महिमा के आगे हर मन नतमस्तक हुआ। लोग गुरु पादुका पूजा करने के लिए परिवार सहित पहुंचे। स्कूलों- कॉलेजों में छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कई जगह गीत-संगीत के साथ ही नाट्य प्रस्तुति और प्रवचन की श्रृंखला भी सजी। दूरदराज से गुरु दर्शन के लिए राजधानी पहुंचे शिष्यों के लिए भोग प्रसादी का इंतजाम था, व्यवस्था की कमान भी शिष्यों ने संभाली।





### गायत्री परिजनों ने दिया भक्तिमय माहौल

अमृत आसान प्रसादी का सभी को वितरण किया गया। इसके चलते भक्तों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। अमृतासन प्रसादी के बाद गायत्री शक्तिपीठ में कराए गए गुरु पूर्णिमा के आयोजन की सराहना की गई। इसमें गायत्री परिवार की छत्तीसगढ़ जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस के साथ ही सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा, पद्मा वर्मा के साथ विशेष रूप से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इंजीनियर भरत वर्मा, वायके ठाकुर, मनोज अग्रवाल, नीलम सिन्हा, तोरण साहू, कोमल साहू, शैल गुप्ता शामिल हुईं।

**रायपुर।** शहर के समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर विशेष रूप से गुरु गीता पाठ किया। गुरु गीता के संबंध में ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने बताया कि भगवान भोलेनाथ ने सबसे पहले माता पार्वती को गुरु गीता की जानकारी दी। इसमें गुरु का आचरण कैसा होना चाहिए, गुरु का शिष्य के प्रति कैसा व्यवहार कैसा होना चाहिए, गुरु का महत्व क्या है। इस पर प्रकाश डालते हुए गुरु गीता पाठ की महत्ता का वर्णन किया। इस कथा प्रसंग को श्रद्धालुओं को सुनाया गया। इससे पहले गुरु पूर्णिमा की सुबह मां गायत्री की विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रृंगार किया गया। इसके बाद चरण पादुका पूजन के साथ विविध संस्कार कराए गए। इनमें 7 का पुंसवन संस्कार, 12 लोगों ने गुरु दीक्षा, जन्मदिवस 2, तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसके बाद सभी ने यज्ञ हवन और पूर्णाहुति में भाग लिया।

### ब्रह्मलोक आश्रम में निकाली गई कलश यात्राफोटो ब्रह्मलोक आश्रम

परसदा में विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि ब्रह्मलोक आश्रम में स्थापित कैलाश मान सरोवर स्थित शिवलिंग पर महिलाओं द्वारा खारून नदी से लाए गए जल से रुद्राभिषेक किया। पांच पंडितों ने मंत्रोच्चार के पूजा शुरू किया। अभिषेक का यह सिलसिला आगामी माह 8 अगस्त तक जारी रहेगा। इसमें अलग अलग यजमानों द्वारा रुद्राभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम में कार सेवक साधकों का सम्मान किया गया। दिल्ली से लाइव प्रसारण से सुधांशु जी महाराज ने गुरु पूर्णिमा की सभी साधकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



### दूधाधारी मठ में गुरु पूजन के लिए उमड़ी भीड़

श्री दूधाधारी मठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। सुबह भगवान रघुनाथ, श्री स्वामी बालाजी भगवान एवं संकटमोचन हनुमानजी महाराज का मंगल श्रृंगार आरती के बाद स्वामी बलभद्र दासजी महाराज की समाधि स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसमें मठ मंदिरों के सभी पूर्वाचार्यों की सहभागिता रही। श्री स्वामी वैष्णव दासजी महाराज के तैल चित्र पर धूप, दीप, अर्पित करके पुष्प माला अर्पित की गई। समाधि स्थल की परिक्रमा के बाद महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज आसन पर विराजमान हुए। मठ मंदिर के पुजारियों ने तिलक लगाकर गुरुदेव का चरण पखार कर चरणामृत प्राप्त करते हुए आशीष लिया।

***जैतूसाव मठ में आयोजित गुरु दर्शन-पूजन:*** इसके बाद मठ में भोग-भंडारा का आयोजन दोपहर में किया गया। इसमें दूरदराज से आए शिष्यों और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद राजेश्री महंत ने पुरानी बस्ती जैतूसाव मठ में आयोजित दर्शन पूजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। जहां प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए शिष्यों ने पादुका पूजन करते हुए गुरु दीक्षा का धर्म भी निभाया। इसमें कई अधिकारी-कर्मचारी, मंदिरों के पुजारी, समाज सेवा से जुड़े लोग भी इस आयोजन का हिस्सा बने। इसके चलते मठ में दिनभर उत्साह का माहौल रहा।

### संगीत महाविद्यालय में गुरु वंदन, गुरु सम्मान



कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर एक भावभीनी गुरु वंदना एवं गुरु सम्मान समारोह किया। इसमें पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. विद्यनाथ सिंह का विशेष सम्मान पं. अजय तिवारी ने किया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ छाया द्वारा प्रस्तुत राग दुर्गा में निबद्ध द्रुत एक ताल की बंदिश जय जय दुर्गे माता भवानी से किया गया। उन्होंने सुरुचिपूर्ण आलाप और सशक्त तानों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। हारमोनियम डॉ. दीपक बेड़ेकर, तबले पर हरि पटेल ने संगत की। वहीं एमए प्रथम वर्ष की छात्रा वर्षा चतुर्वेदी, सलोनी मुंड, ईश्वरी साहू, छाया, मौसमी एवं मयंक बैरागी और शुभम विश्वास ने संस्कृत में गुरु वंदना स्तुति गान पेश किया।

### पं. गुणवंत माधव की स्मृति में बही गीतों की सरिता



पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यास निवास बूढ़ापारा में पारंपरिक तरीके से गुरु पूजन किया गया। गुरु के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कौशल महंत द्वारा पंडित गुणवंत व्यास के लिए लिखी गई सुंदर गुरु वंदना वाग्देवी के वरद पुत्र, सतत साधना में जीवन भर..., संस्था प्रमुख दीपक व्यास एवं शिष्यों ने समवेत स्वर में गाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा हर साल एक वरिष्ठ कला गुरु को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. कुंजबिहारी शर्मा को उनकी दीर्घ कालीन रंगकर्म सेवा के लिए संस्था द्वारा श्रेष्ठ कला गुरु सम्मान प्रदान किया। इसमें दीपा व्यास, रचना चांडक ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके बाद कावेरी व्यास ने मीरा के भजन –आली म्हाने.., रचना ने तेरो बनत बनत बनी जाई...,जैसे कई गीतों और भजनों को पेश किया।

### राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की श्रृंगार आरती



जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें अलग- अलग आस्था केन्द्रों से जुड़े शंकराचार्यों और गुरुओं के शिष्यों ने उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लिया। मंगला आरती, भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की श्रृंगार आरती शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने गुरु मंडल का पूजन किया। अपने प्रथम चातुर्मास व्रत का संकल्प ग्रहण किया। भक्तों ने मिलकर के पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी महारानी का विभिन्न द्रव्यों से अर्चन किया। पादुका पूजन, गुरु पूजन, परम गुरु पूजन, परमेष्ठी गुरु पूजन का विधान किया।

### नाट्य मंचन के जरिए बताई गुरु की महिमा



'जब दुनिया में था अंधियारा, न दिखता है कोई भी सहारा, तब एक किरण बनकर आए गुरु...,कविता की इन चंद पंक्तियों के साथ संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों को नमन किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने कई प्रस्तुतियां दी। गुरु पूर्णिमा पर बड़े बच्चों ने नाट्य मंचन से जीवन में गुरु के महत्व को बताते और समझाने का प्रयास किया। शिक्षिका अपर्णा आठले ने बताया कि सुबह की पाली में पांचवी तक के बच्चों ने गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। बच्चों ने अपने गुरुओं को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद लिया। अनय अंबोरे, पवन, अविशा, प्रथम और अभिगा ने अपनी प्रस्तुति दी। शिक्षिका किरण सुतार ने स्वरचित कविता 'गुरु का दीपक' की प्रस्तुति दी। अराधना लाल ने बताया कि मिडिल क्लास के बच्चों ने भी सुंदर प्रस्तुति दी। खुशी सहारे और हुसिका ने कार्यक्रम का संचालन किया।



### सिद्धेश्वर मंदिर में किया प्रसाद वितरण

गुरु पूर्णिमा पर सामाजिक संस्था शुभारंभ फाउंडेशन ने सिद्धेश्वर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण का आयोजन किया। इसमें श्रद्धालुओं को केला, बूंदी, नमकीन, हलवा सहित स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक माहौल में समय बिताया। संस्था की अध्यक्ष सीमा कटनकर के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। इसमें शीला प्रजापति ,अरूणा यादव, अनिता, कुरिल, विनिता, वंदना, छाया, गुलशन और शुभांगी ने इसमें सहयोग दिया।

### शिवोम विद्यापीठ में मातृ पूजन



शिवोम विद्यापीठ परिवार द्वारा 10 जुलाई को एक भावनात्मक आयोजन किया। इसमें "मां-प्रथम गुरु" की भावना को केंद्र में रखकर मातृपूजन किया। असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली ने बताया कि यह केवल परंपरा नही बल्कि विद्यार्थियों को यह अनुभव कराना था कि सबसे पहला पाठ बोलना, चलना और जीना सिखाने वाली जो शक्ति है वह मां है। प्राचार्या जया बंदेलू ने इस पहल की सराहना की।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मना उत्सव



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार में उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि कल्पना चौबे, विशेष अतिथि प्रकाश सिंह ठाकुर, किशोर तारे मंचस्थ रहे। उसके बाद समस्त आचार्य एवं दीदीयो को स्वस्तिवाचन मंत्रोच्चारण के साथ तिलक लगाकर एवं आरती करके अतिथियो के द्वारा श्रीफल एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

### जवाहर नगर मंडल में बताई गुरु महिला



जवाहर नगर मंडल भाजपा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से महोत्सव मनाया। इसमें जवाहर मंडल वार्डों के मंदिरों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में धर्म, समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे शिक्षकों का भी सम्मान किया। रमेश शर्मा, प्रणीत जैन और सूरज शर्मा ने बताया कि इसमें सभी अतिथियों ने गुरु की महिमा का वर्णन किया।

### होली हार्ट्स स्कूल में वेदव्यास की पूजा



सिविल लाइन स्थित होली हार्ट्स स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर विशेष आयोजन किया । इसकी शुरुआत वेदों के ज्ञाता वेद व्यासजी की पूजा वैदिक मंत्रोच्चार से की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने लघु नाटिका सहित गुरु भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी गई। संस्था के चेयरमैन आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह ने वेदव्यास के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लेने के लिए कहा। इस अवसर पर नीपा चौहान, शालिनी अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल कमल किशोर अग्रवाल मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## स्कूल में अगस्त से शुरू होगी नवोदय की तैयारी, शिक्षक देंगे अतिरिक्त समय



**रायपुर।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश की अंतिम तिथि 29 जुलाई तय की गई है।

इस बार अगस्त माह से शहर के स्कूलों में नवोदय परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्रामीण छात्रों के लिए 75 प्रतिशत सीटें तय की गई हैं। परीक्षा के दौरान छठवीं और नौवीं कक्षा के लिए छात्रों का चयन होगा। परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर दी गई है। बता दें कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पांचवी और आंठवी कक्षा के छात्रों को दाखिले से पूर्व प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है, जिससे जारी परिणाम के अनुसार मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

### गणित में 7-8 अंक लाना अनिवार्य

नवोदय विद्यालय से प्रशिक्षक हेमंत चंद्राकर का कहना है कि परीक्षा के दौरान गणित से 15 अंक के प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसमें 7-8 अंक लाना अनिवार्य है। वहीं प्रवेश परीक्षा में 70-80 प्रतिशत जरूरी है, प्रवेश परीक्षा में छात्रों का चयन मेरिट बेस पर किया जाता है। छात्रों की सहूलियत के लिए नवोदय विद्यालय समिति के बेवसाइट पर पाठ्यक्रम और अन्य जानकारी समय-समय पर अपडेट की जा रही है।

**प्रशिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम :** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने बताया कि इस वर्ष गणित, अंग्रेजी, हिंदी और रीजनिंग विषयों के अनुसार प्रश्न तैयार किए जाएंगे, जिसकी तैयारी स्कूल के शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। बैठक के दौरान सभी स्कूलों में एक-एक प्रशिक्षक नियुक्त किया जाएगा, जो 15 अगस्त के बाद से रोजाना नवोदय प्रवेश परीक्षा से संबंधित तैयारी कराएंगे। शिक्षा समिति प्रशिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करने वाली है, जिसमें सभी प्रशिक्षकों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

### इस तरह करें तैयारी

- एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता दें और हाइलाइट बॉक्स के शॉर्ट नोट्स बनाकर पढ़ें।
- रोजाना गणित और रीजनिंग से 15-20 सवाल हल करें।
- हिंदी में शब्दकोष, समानार्थी, रिक्त स्थान भरना, वाक्य सुधार के प्रश्नों को पढ़ें।
- नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट से मॉडल पेपर की तैयारी करें।
- मुहावरे, संधि, गद्यांश, पत्र और निबंध लेखन की तैयारी जरूरी।

समाज लाइव

## बाजार में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, थोक में ले रहे कांवड़



**रायपुर।** भगवान भोलेनाथ का प्रिय सावन माह आज से शुरू हो रहा है। बड़ी संख्या में भक्त पदयात्रा कर कांवड़ यात्रा में जाते हैं, जिसे लेकर शहर का बाजार सजकर तैयार हो चुका है। इस बार भक्त अपनी पसंद के अनुसार कांवड़ सजाना चाह रहे हैं। हरिभूमि ने कांवड़ बाजार का जायजा लिया। दुकानदारों ने बताया कि इस बार कांवड़ को आकर्षक रूप से तैयार कर बेच रहे हैं। कई लोग खुद भी सजाना चाहते हैं, इसलिए थोक में भी इसकी मांग अब देखने को मिल रही है। दुकान संचालक विवेक जैन का कहना है कि बाजार में कांवड़ सजाने की सामग्री थोक और खुदरा दोनों रूपों में उपलब्ध है। भक्त अपनी पसंद के अनुसार कांवड़ को अलग-अलग रंगों, रोशनी और धार्मिक प्रतीकों से सजा रहे हैं। इस बार बाजार में कृत्रिम फूलमाला, ओम टैग्स, रंगीन झालरें, प्लास्टिक के त्रिशूल, सजावटी कपड़ों की खूब मांग है।

### यात्रा की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

कांवड़ सजाने के लिए बाजार में कई तरह की सामग्री उपलब्ध है। भक्त अपने भक्ति व क्षमता अनुसार सावन की तैयारी में जुट गए हैं। भक्त भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर जाने के लिए अपनी पसंद के अनुसार कांवड़ सजा रहे हैं। सजाने की सामग्री 10 से 150 रुपए में बिक्री की जा रही है। मोती पतंग भंडार के संचालक विवेक जैन ने बताया थोक में लेने से सामग्री के दाम कम हो जाते हैं, इसलिए ज्यादातर लोग थोक में खरीदना पसंद कर रहे हैं।

सिटी लाइव

## कैंसर शिविर में महिलाओं और युवतियों ने कराई शुरुआती लक्षणों की जांच



**रायपुर।** रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ एवं बाल्को मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कॉम्प्लेक्स रजबंधा मैदान में एक दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में आमजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि शिविर की प्रमुख विशेषता बाल्को मेडिकल सेंटर का आधुनिक उपकरणों से कैंसर जांच चलित वाहन रहा, जिसके माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आवश्यक परीक्षण किए। बाल्को कैंसर अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पलक अग्रवाल ने शिविर में उपस्थित अनेक महिलाओं एवं युवतियों का परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से शरीर या स्तनों में गांठ, आवाज में बदलाव, भोजन निगलने में कठिनाई, शरीर के किसी भाग पर न भरने वाला घाव या रक्तस्त्राव, वजन में अत्यधिक गिरावट, भूख न लगना, खांसी अथवा सांस लेने में तकलीफ, मल-मूत्र संबंधी समस्याएं, त्वचा के रंग में बदलाव आदि लक्षणों की जांच की गई।

### संभावित कैंसर के लक्षण पाए गए

डॉ. पलक ने यह भी बताया कि जिनमें संभावित कैंसर के लक्षण पाए गए, उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए बाल्को अस्पताल में परामर्श के लिए निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष विनय कृपलानी, सचिव संजय रावत, संरक्षक वासुदेव जोतवानी, सहसचिव उज्जवल जैन, कार्यकारिणी सदस्य विजय भोजवानी, वरुण, राजेश पटेल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

● शहीद स्मारक भवन में पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई सम्मान समारोह में प्रदेशभर के 27 पंडवानी कलाकार हुए अलंकृत

# लोककला पंडवानी को साधना की शक्ति से देश-दुनिया तक पहुंचा रहें विभूषित कलाकार

*दुनिया की एकमात्र लोककला पंडवानी की पुरोधा कलाकार पद्मविभूषण तीजन बाई के नाम से राजधानी के शहीद स्मारक भवन में पंडवानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में राज्यभर के उन लोककला पंडवानी के विभूति कलाकारों को अलंकृत किया गया, जो पंडवानी को देश-दुनिया में प्रचारित प्रसारित करने की साधना में समर्पित भाव से लगे हुए हैं।*

**रायपुर।** इस सम्मान समरोह का आयोजन अलीन बंशी एवं तीजन बाई परिवार, सचिव डॉ. अजय सहाय ने किया। आयोजक अलीन बंशी ने बताया कि पंडवानी की कठिन साधना, लगन से पंडवानी कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाने वाली प्रमुख कलाकारों में तीजन बाई की योगदान अग्रणी हैं। उनके अलावा झाड़ूराम देवांगन, पुनाराम निषाद और शांति बाई चेलक जैसे कलाकारों ने भी पंडवानी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्हीं पुरोधाओं के शिष्याएं अपने गुरुओं की कला साधना को अमर रखने सतत पंडवानी कला साधना व तपस्या में लीन हैं और गुरुओं के सम्मान में पंडवानी कला की ख्याति को आधुनिक मनोरंजन की चुनौतियों के बीच पूरी दुनिया तक पहुंचा रही हैं। ऐसे ही विभूति पंडवानी कलाकारों को पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई सम्मान से सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह में पहुचे इन कलाकारों से हरिभूमि की टीम ने लोककला पंडवानी को सहेजने में उनके संघर्ष, साधना, तपस्या और योगदान की उन्हीं के जुबानी बयां किया है।





### प्रोफेशन को नहीं आने दिया साधना के आड़े



आरपीएफ में इंस्पेक्टर की पद पर कार्यरत तरुणा साहू ने 6वीं कक्षा से ही गुरु तीजन बाई से पंडवानी की शिक्षा-दीक्षा लेनी शुरू की। प्रोफेशन कभी भी उनकी कला साधना में बाधा नहीं बनी। वे राज्य के बाहर अब तक कालीदास सम्मान समारोह उज्जैन, राजस्थान, अलवर, अयोध्या, दिल्ली, भोपाल जैसे शहरों में पंडवानी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

### तीजन बाई की वीडियो क्लिप देखकर सीखी पंडवानी



धमतरी जिले की पंडवानी गायिका आराध्या साहू 7 साल की उम्र में कक्षा तीसरी से तीजन बाई की पंडवानी मोबाइल पर वीडियो क्लिप देखकर पंडवानी सीखी है। दादा-दादी से महाभारत की कहानियां सुन पंडवानी के प्रति प्रेरणा जागी। आज वह 11 वर्ष की उम्र में वह देशभर में विविध 150 मंचों पर पंडवानी की प्रस्तुतियां दी हैं।

### दो बहनों का पंडवानी गायन साधना में जीवन समर्पित

पिता व गुरु सेवाराम निषाद से पंडवानी की शिक्षा संस्कार में मिली। बचपन से ही कुमारी निषाद व चमेली निषाद दोनों बहनों ने लोककला पंडवानी की साधना शुरू की। इस लोककला पंडवानी की गायन साधन में खुद को इस कदर लीन हुईं कि दोनों ने आजीवन अविवाहित रहने का निर्णय ले लिया और आज लगभग कुमारी निषाद 55 वर्ष और चमेली 52 वर्ष की उम्र में भी लोककला पंडवानी की प्रस्तुतियां प्रदेश के गांव-गांव तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने सम्मान समारोह में अपनी कहानी साझा की।

### पति-बेटे का साथ छूटा कला की साधना नहीं छूटी



राष्ट्रीय स्तर की लोक कला पांडवानी गायिका टोमिनबाई निषाद आज लोककला पंडवानी को देश के कोने कोने में पहुंचाने का काम कर रही हैं। वह दुर्ग जिले के कोकड़ी गांव की रहने वाली हैं और 12 साल की उम्र में लोककला पंडवानी की साधना शुरू की। उन्होंने बताया कि राज्य से बाहर मद्रास, तंजौर, बनारस, बंगाल, कोलकाता, दिल्ली जैसे देश के बड़े शहरों में पंडवानी की प्रस्तुति दी हूं। आज 50 से अधिक वर्ष उम्र में मेरे पति जीवनसाथी व बेटे मुझे छोड़कर इस दुनिया से चले गए, पर मैंने इस कला की साधना को नहीं छोड़ा।

### यूरोपीय देश डेनमार्क तक पहुंचाई लोककला



कोलकाता की रहने वाली पंडवानी गायिका सीमा घोष बताती हैं कि उनकी गुरु दुनिया में पंडवानी गायन की विभूति तीजन बाई हैं। जब 2005 में थियेटर के लिए तीजन बाई से अभिमन्यु वध की कथा सीखने छत्तीसगढ़ उनके निवास आई थी, तब तीजन बाई के घर 7 दिन तक ठहरने का मौका मिला। उसी दौरान मुझमें लोककला पंडवानी के प्रति प्रेरणा जागृत हुई और उसकी साधना में खुद को लीन कर ली। 2005 से लगातार देश में केरल, झारखंड, मुंबई, दिल्ली व देश के बाहर यूरोपीय देश डेनमार्क में पंडवानी की प्रस्तुति दे चुकी हूं।

## तपस्वी बनने शत्रुंजय महातप से जुड़ रहे युवा, चार महीने तक करेंगे तप



**रायपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित विशेष प्रवचन कार्यक्रम में तीर्थ विजय मुनिराज ने गुरु की महिमा, उनकी आवश्यकता और उनके बिना जीवन के अधूरेपन पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि "बिना गुरु के इस संसार में कोई कार्य संभव नहीं है। तीर्थ विजय मुनिराजजी ने बताया कि संपूर्ण जैन शासन अत्यंत गहरे ज्ञान का भंडार है, जो देव, गुरु और धर्म, इन तीन आधार स्तंभों में समाहित है। उन्होंने बताया कि यह संपूर्ण शासन 9 तत्वों और 9 पदों में चिन्हित है। गुरु का कार्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि आत्मा को मोक्ष मार्ग की ओर ले जाना है।

प्रवचन के दौरान उन्होंने इतिहास के उदाहरण देते हुए बताया कि चाहे वो सिकंदर हों, चंद्रगुप्त हों या शिवाजी महाराज, हर महापुरुष के पीछे एक समर्थ गुरु रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि "गुरु केवल आशीर्वाद नहीं देते, वे सर्जन की तरह कटाक्ष करते हैं, सुधारते हैं और जीवन को दिशा देते हैं।"

### धार्मिक अनुष्ठान और तप होंगे आरंभ

13 जुलाई को शक्रस्तव का आयोजन आराधना भवन के दूसरे तल पर भाव और भक्ति के साथ किया जाएगा। 15 जुलाई को शत्रुंजय तप का उत्तर पारणा रखा गया है। लाभार्थी परिवार द्वारा 12 तारीख को गुरु भगवंत को ग्रंथ बोहराया जाएगा, उसके उपरांत लाभार्थी परिवार द्वारा पांच ज्ञान की पूजा की जाएगी। शत्रुंजय महातप 16 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, उसे लेकर तपस्वियों में भारी उत्साह देखा गया है। 100 से अधिक तपस्वियों द्वारा अपनी सहभागिता की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### *समय से पहले प्रारंभ किया शत्रुंजय महातप*

*रायपुर। श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति द्वारा चातुर्मास में आचार्य भगवंतों की प्रेरणा से तपस्या की अनेक प्रेरणादायक मिसालें देखने को मिल रही हैं। शत्रुंजय महातप को लेकर जहां समाज में श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना हुआ है, वहीं वत्सल शाह ने कठिन तपस्या का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर यह सिद्ध कर दिया कि जहां चाह है, वहां राह है। वत्सल शाह को 13 जुलाई से आईआईटी में अपनी पढ़ाई के लिए रायपुर से बाहर जाना था, जबकि शत्रुंजय महातप का प्रारंभ 16 जुलाई से निर्धारित था। ऐसे में उन्होंने अपनी तपस्या को समय से पहले प्रारंभ करने का निश्चय किया। उन्होंने 12 जून से ही शत्रुंजय महातप आरंभ कर दिया, जिसमें 29 दिनों की अवधि में दो तेला एवं सात बेला की तपस्या संपन्न की। उनके इस प्रयास से यह स्पष्ट होता है कि सच्चे संकल्प और निष्ठा के साथ कोई भी व्यक्ति अपनी धार्मिक साधना को पूर्ण कर सकता है, चाहे परिस्थिति कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हो। यह जानकारी समिति की ओर से धीरेंद्र सेठ एवं आशीष पारख ने दी।*

## शहर के वार्डों को हरा-भरा बनाने 37 हजार छायादार और फलदार पौधों का होगा रोपण

**रायपुर।** रायपुर शहर सहित आउटर के वार्डों में खाली जगहों पर इस बार 37 हजार छायादार और फलदार पौधों का रोपण होगा। मियावाकी प्रोजेक्ट के तहत नगर निगम ने 16 हजार पौधा खरीदने टेंडर किया है। 98 लाख रुपये खर्च कर 32 एकड़ के चिन्हांकित दायरे में वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसी तरह वन विभाग की ओर से नगर निगम को मानसूनी सीजन में पौधारोपण के लिए 21 हजार पौधे निःशुल्क दिये जा रहे हैं, जिनका रोपण चयनित स्थलों पर 65 महिला समूहों के माध्यम से किया जाएगा। इस अभियान को वूमंस फार ट्री का नाम दिया गया है। पर्यावरण उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बताया कि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल और महापौर मीनल चौबे ने चंगोराभाठा रिंग रोड क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित कर इसकी शुरुआत कर दी है।



### फलदार छायादार पौधे रोपण की तैयारी

मियावाकी प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के विभिन्न वार्डों में खाली स्थानों पर करीब 16 हजार अलग प्रजाति के फलदार, फूलदार और छायादार पौधे रोपित किये जाएंगे। उद्यानिकी विभाग ने इसके लिए हाल में 98 लाख रुपये का टेंडर कर दिया है। 70 वार्ड पार्षद के माध्यम से स्थानीय रहवासियों के सुझाव पर ये पौधे रोपे जाएंगे। नगर निगम संबंधित वार्ड में मांग अनुरूप निःशुल्क पौधा उपलब्ध करायेगा।

**इन स्थानों पर होगा पौधारोपण :** खोखो तालाब, गोकुल नगर में गोबर खरीदी केन्द्र, पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर के पास, महात्मा गांधी वार्ड -सड्डू मुक्तिधाम क्षेत्र, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड-दलदलसिवनी के इंदिरा स्मृति वन क्षेत्र, प्रयास हॉस्टल के पास, नगर निगम जोन 6 कौशिल्या विहार के पास खाली क्षेत्र, जोन 10 के बोरियाखुर्द में गजराजबांधा तालाब सहित अन्य वार्डों में किया जाएगा।

## छग के पर्यटन की ओर बढ़ा देशभर के ट्रैवल एजेंट्स का रुझान, प्रकृतिक सुंदरता और संस्कृति ने किया आकर्षित

### कोलकाता में ट्रैवल्स एंड टूरिज्म फेयर

**रायपुर।** कोलकाता में चल रहे ट्रैवल्स एंड टूरिज्म फेयर में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने समृद्ध विरासत के साथ शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ कोलकाता के 50 टूर ऑपरेटर एंड ट्रैवल्स एजेंट पंजीकृत हुए। अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा, यह हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ जैसे समृद्ध राज्य को भारत के इस प्रमुख पर्यटन मंच पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। हमारा राज्य प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय परंपराओं, ऐतिहासिक स्थलों और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे चित्रकोट जलप्रपात, कांगेर घाटी, सिरपुर, बस्तर का धुड़मारास तथा भोरमदेव, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा आदि धार्मिक स्थलों का उल्लेख करते हुए पश्चिम बंगाल के टूर ऑपरेटर्स और ट्रैवल्स एजेंट्स से अनुरोध किया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में छत्तीसगढ़ को भी शामिल करें। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को अब उद्योग का दर्जा प्राप्त है और पर्यटन क्षेत्र में होमस्टे, रिसॉर्ट्स, ट्राइबल और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि कोलकाता में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्थायी सूचना केंद्र स्थापित किया गया है, जिससे कोलकाता के टूर ऑपरेटर्स और पर्यटकों को सीधी और सुविधा-सम्पन्न सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।



### बस्तर और मैनपाट ने किया प्रभावित

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने उपस्थित अतिथियों, टूर एंड ट्रैवल्स ऑपरेटर के समक्ष प्रेजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सुंदरता, संस्कृति एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा टूरिज्म को लेकर लिए गए निर्णय से भी अवगत कराया। टूरिज्म फेयर में लोगों को बस्तर और मैनपाट का टूरिजम ने प्रभावित किया है। विभिन्न राज्यों से आए अधिकारियों ने भी छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की विशेषता जानी। इस अवसर पर सिक्किम विधानसभा की उपाध्यक्ष राजकुमारी थापा, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी, थाईलैंड की महावाणिज्यदूत श्रीपोन तांतिपन्याथेप के साथ ही वेस्ट बंगाल टूर ऑपरेटर एवं ट्रैवल्स एजेंट एसोसिएशन कोलकाता के लगभग 500 से भी अधिक सदस्य उपस्थित थे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में धनंजय ने लिए 4 विकेट और कृष्णा ने बनाए 51





**रायपुर।** क्रिकेट एसोसियेशन पुडुच्चेरी द्वारा मेंस अंडर-19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेष आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। दिनांक 10-11 जुलाई को छत्तीसगढ़ का चौथा मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध पुडुच्चेरी में शुरू हुआ। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 46 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 110 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कृष्णा टांक ने नाबाद 51 रन, अभिषेक ने 13 रन तथा विवेक कुमार ने 13 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। पांडेचेरी की ओर से सुरेन्द्र ने 5 विकेट तथा अभिषेक ने 3 विकेट प्राप्त किये। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुडुच्चेरी 38.3 ओवरों में 102 रन बनाकर आलआउट हो गयी। पुडुच्चेरी की आरे से शिवा सुभाष ने 27 रन तथा सुरेन्द्र ने 17 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर धनंजय नायक ने 4 विकेट, विवेक तथा दिवाकर ने 2-2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने मैच 8 रनों से जीत लिया।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस में रोमांचक दौर



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में तीन दिवसीय रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता- 2025 गुरुवार से आरंभ हुयी। प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचो में सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप ए) में कल्पेश जादवानी ने गिरिराज बागड़ी, वरुण दत्त अग्रवाल, कवीश काला को 3-0 से, गिरिराज बागड़ी ने वरुण दत्त, कवीश काला, डा. मनीष अग्रवाल को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप बी) में प्रणय चौहान ने श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से, सागर दासगुप्ता ने यशवंत डेकाटे, श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से, गजेंद्र चौहान ने सागर दासगुप्ता को 3-१, श्रेष्ठ मिश्रा को 3-2, नागेश्वर साहू को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप सी) में विशाल डेकाटे ने किशोर जादवानी, परिवेश मिश्रा,अथर्व जिंदल को 3-0 से, परिवेश मिश्रा ने.किशोर जादवानी को 3-0 से हराया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप डी) में एम रविराज ने शिरीष देब को 3-1, गौरव बागड़ी, रितेश मल्होत्रा, अद्विक सेंगर को 3-0 से, गौरव बागड़ी ने शिरीष देब, रितेश मल्होत्रा, अद्विक सेंगर को 3-0 से हराया। उपरोक्त प्रथम चरण के चारों ग्रुप में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप ए) में अर्जुन मल्होत्रा एवं तेजस जादवानी अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग(ग्रुप बी) में सिद्धा धूपर एवं नैतिक भंसाली ने अपने- अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग(ग्रुप सी) में श्रेष्ठ मिश्रा एवं वरुण दत्त अग्रवाल ने अपने मैच जीतकर सुपर लीग में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग (ग्रुप डी) में कवीश काला एवं आर्यन कुमार सिंह अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। उपरोक्त प्रथम चरण के चारों ग्रुप में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक़ वर्ग(ग्रुप ए) में अभिनव पीटर, अद्वित जिंदल, निवान व्यास, बी. अजीज अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक़ वर्ग (ग्रुप बी) में अव्यांश शारदा, अद्विक सेंगर, मोक्ष वर्मा, राघव अग्निहोत्री अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। उपरोक्त प्रथम चरण के दोनों ग्रुप में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाडी, दूसरे चरण के सुपर लीग दौर में प्रवेश करेंगे। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक, यूथ अंडर- 13 (कैडेट) बालक, सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित और पी.एन. मजूमदार हैं।

### देश में हार्ट अटैक के मरीज की तादाद लगातार बढ़ रही

# दिल की बीमारियों का कोई खानदानी रिकार्ड नहीं है तो भी हार्ट अटैक से खुद को सुरक्षित न समझें

भारत में, 20 से 40 साल की उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। इनमें से कई लोगों का कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं था। अक्सर लोगों को लगता है कि अगर उनके परिवार में किसी को दिल की बीमारी नहीं हुई है, तो उन्हें भी हार्ट अटैक का खतरा नहीं है। लेकिन सच्चाई इससे काफी अलग है। हृदय रोग के मामले अब सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या नहीं रह गए हैं, कम उम्र में यहां तक कि 20 से कम आयु वाले भी इसका शिकार हो रहे हैं। हाल के दिनों में आपने कई ऐसी खबरें सुनी-देखी होगीं जिसमें क्रिकेट खेलते, बातचीत करते-करते या ऑफिस में बैठे-बैठे हार्ट अटैक के कारण लोगों की मौत हो गई। इस तरह की खबरें सुनने के बाद मन में पहला सवाल यही आता है कि कहीं हमें भी तो इसका खतरा नहीं है?



#### खराब जीवन शैली है बड़ा कारण

हृदय रोगों के लिए आमतौर पर खराब जीवनशैली-गड़बड़ खान पान को बड़ा कारण माना जाता रहा है। इसके अलावा जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को, विशेष रूप से माता-पिता को हृदय रोगों की समस्या रही है उनमें आगे चलकर हार्ट की बीमारियों के होने का खतरा अधिक रहता है। अब सवाल ये है कि अगर आपके परिवार में हृदय रोगों की कोई फैमिली हिस्ट्री नहीं है तो क्या आप हार्ट अटैक से सुरक्षित हैं?


#### क्या कहते हैं डॉक्टर?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल में वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ रवि प्रकाश कहते हैं, ये सही है कि जिन लोगों के माता-पिता या खून के रिश्ते वालों को हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर की समस्या रही है, ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। ये स्थितियां आपमें भी हार्ट से संबंधित समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। हालांकि अक्सर लोगों को लगता है कि अगर उनके परिवार में किसी को दिल की बीमारी नहीं हुई है, तो उन्हें हार्ट अटैक का खतरा नहीं है।



#### बिना फैमिली हिस्ट्री के भी हो सकते हैहार्ट अटैक का शिकार

इसी को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में हर साल करीब 1.8 करोड़ लोग दिल की बीमारियों से जान गंवाते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन लोगों की है, जिन्हें फैमिली हिस्ट्री नहीं थी।



#### हृदय स्वास्थ्य का रखिए ध्यान

डॉक्टर कहते हैं, फैमिली हिस्ट्री का होना या न होना हार्ट अटैक के खतरे को पूरी तरह तय नहीं करता। अगर आपके परिवार में पहले से किसी को दिल की बीमारी नहीं है, तो भी आप पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। आज की लाइफस्टाइल, खान-पान और मानसिक तनाव जैसे कई ऐसे कारण हैं जो किसी को भी हार्ट अटैक की तरफ धकेल सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप पहले से सतर्क रहें और अपनी लाइफस्टाइल में पॉजिटिव बदलाव लाएं।

## बारिश में नमक से भरी कटोरी रखें फ्रिज में



अगर आप एक कटोरी में नमक भरकर फ्रिज में रख देंगी, तो आपको पता है कि क्या होगा? यह आपकी बड़ी मुश्किल को हल कर सकता है। चलिए इस लेख में बताएं कि इससे आपका काम कैसे आसान होगा। नमी की वजह से सब्जियां जल्दी गल जाती हैं, मसाले भी खराब हो जाते हैं और सबसे बड़ी मुश्किल है नमक हो जाता है गीला! गीला नमक न सिर्फ इस्तेमाल में मुश्किल होता है बल्कि डिब्बे में जम भी जाता है। ऐसे में लोग तरह-तरह के जुगाड़ अपनाते हैं, कभी इसमें चावल डाल हैं, तो कभी इसे धूप में सुखाते हैं।

मगर क्या आपको पता है कि नमक सूखा हो या गीला आपकी एक बड़ी समस्या को हल कर सकता है? क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आप नमक से भरी एक कटोरी को अपने फ्रिज में रख दें, तो क्या होगा?

यह छोटा-सा किचन हैक बड़े कम का है। यह आपके फ्रिज और किचन की नमी को भी चुपचाप सोख लेता है। आइए आपको बताएं कि यह कैसे काम करता है। बरसात में नमक से भरी कटोरी को फ्रिज में रखने से क्या होता है? मेरी मम्मी अक्सर बारिश के दिनों में कभी नमक की कटोरी तो कभी पोटली फ्रिज में रखती है। उन्होंने बताया कि इससे फ्रिज सुरक्षित रहता है। नमक रखने से क्या होता है, आइए जानें-

### नमी को सोखता है

नमक एक नेचुरल ह्यूमिडिटी एब्जॉर्बर यानी नमी सोखने वाला तत्व होता है। फ्रिज के अंदर भी नमी बढ़ जाती है, जिससे सब्जियों की लाइफ कम हो जाती है और बदबू भी आने लगती है। ऐसे में एक खुली कटोरी में थोड़ा नमक भरकर फ्रिज के कोने में रख देने से वह अतिरिक्त नमी को सोख लेता है।

### फ्रिज की बदबू करता है दूर

कई बार फ्रिज खोलते ही एक अजीब-सी गंध आती है जो खाने की चीजों के मिक्स होने से बनती है। नमक में गंध सोखने की क्षमता होती है। जब आप कटोरी में नमक भरकर फ्रिज में रखते हैं, तो यह धीरे-धीरे बदबू को भी कम करने लगता है। यह एक तरह का नेचुरल डिओड्राइजर का काम करता है।

### फफूंद और बैक्टीरिया से सुरक्षा

नमी के कारण फ्रिज की दीवारों और ट्रे में फफूंद लगने लगती है। लेकिन जब वातावरण की नमी कम हो जाती है, तो बैक्टीरिया और फंगस को पनपने का मौका नहीं मिलता। नमक इस काम में मददगार साबित होता है।

### सब्जियों की लाइफ बढ़ती है

जब फ्रिज में नमी कम होती है, तो हरी सब्जियां, पत्तेदार साग और फल जल्दी खराब नहीं होते। वे लंबे समय तक ताजगी बनाए रखते हैं। ऐसे में नमक एक सस्ता और असरदार उपाय बन जाता है। आप नमक की एक पोटली को क्रिस्पर भी रख सकती हैं।

### कैसे करें इसका सही इस्तेमाल?

एक छोटी कटोरी लें और उसमें 3-4 टेबलस्पून मोटा नमक भर लें। उसे फ्रिज के कोने में रखें, जैसे कि नीचे के शेल्फ में या दरवाजे के किसी खांचे में। हर 8-10 दिन में उस नमक को बदल दें क्योंकि वह नमी सोखते-सोखते गीला हो जाएगा।

## चातुर्मास मास में खरीदी करने से पहले जानें ज्योतिष की राय



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और देवउठनी एकादशी पर जागृत होते हैं। इस दौरान जो बीच की अवधि होती है उसे चातुर्मास कहते हैं। यह चार महीनों का होता है। इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैंइस दौरान कुछ सामान खरीदने की मनाही होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी विस्तार से बता रहे हैं।

चातुर्मास में विवाह, गृह प्रवेश जैसे कई शुभ कार्य वर्जित होते हैं। काला रंग आमतौर पर शुभ अवसरों पर नहीं पहना जाता है, इसलिए इस दौरान इसे खरीदने से भी बचा जाता है। इसलिए इस दौरान काले रंग के कपड़े खरीदने से बचें। नए वाहन की खरीदारी को एक बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य माना जाता है, इसलिए इसे चातुर्मास में न खरीदने की सलाह दी जाती है। कुछ मान्यताओं के अनुसार, चातुर्मास में कई तरह की नकारात्मक ऊर्जाएं सक्रिय होती हैं और लोहा नकारात्मक ऊर्जा को सोखता है। इसलिए इसे खरीदने से शुभ परिणाम नहीं मिलते है। इसलिए इस दौरान आप लोहे का सामान भूलकर भी न खरीदें। इससे व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। इसलिए चातुर्मास तक टाल दें।



## हो सकती है इलेक्ट्रोलाइट की कमी, आहार में लाएं बदलाव

बारिश के इस मौसम में अक्सर कुछ लोगों को इलेक्ट्रोलाइट की कमी की वजह से कमजोरी महसूस होती है। इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के और भी कई लक्षण दिख सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन चीजों को डाइट में शामिल करने से इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बना रहता है।

हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए सही मात्रा में इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होता है। ये खनिज (मिनरल्स) शरीर में तरल पदार्थों को संतुलित रखने, नसों के ठीक से काम करने और मांसपेशियों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बिगड़ जाता है, तो थकान, मांसपेशियों में ऐंठन और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अच्छी बात यह है कि हम कुछ आम खाद्य पदार्थों से ही इन जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम की कमी को पूरा कर सकते हैं। ये खाद्य पदार्थ न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का सही संतुलन बनाए रखने में भी मदद करते हैं।



### इलेक्ट्रोलाइट्स कम होने के लक्षण

हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स बहुत जरूरी होते हैं। ये नसें, मांसपेशियां और शरीर में तरल पदार्थों का संतुलन बनाए रखते हैं। जब इनकी कमी होती है, तो शरीर कई संकेत देते हैं। मुख्य लक्षणों में लगातार थकान, कमजोरी, और मांसपेशियों में ऐंठन या दर्द शामिल हैं। आपको चक्कर आना, सिरदर्द या हल्का महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को दिल की धड़कन अनियमित महसूस हो सकती है, जो एक गंभीर संकेत है। इसके अलावा, पेट की समस्याएं जैसे कब्ज या उल्टी भी हो सकती हैं। यदि ये लक्षण बार-बार दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### नारियल पानी के लाभ

नारियल पानी इलेक्ट्रोलाइट्स का सबसे अच्छा सोर्स है, जिसमें पोटैशियम, सोडियम, और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह डिहाइड्रेशन को रोकता है और गर्मी या व्यायाम के बाद तुरंत ऊर्जा देता है। एक गिलास नारियल पानी में लगभग 600 मिलीग्राम पोटैशियम होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। मानसून में दस्त के दौरान नारियल पानी पीना एक अच्छा विकल्प है। इसे सुबह खाली पेट या व्यायाम के बाद पिएं।

### एवोकाडो और केले

एवोकाडो पोटैशियम और मैग्नीशियम का उत्कृष्ट स्रोत है, जो मांसपेशियों की ऐंठन को कम करता है और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसमें हेल्दी फैट भी होती है, जो ऊर्जा प्रदान करती है। एक मध्यम आकार का एवोकाडो सलाद या स्मूदी के रूप में खाया जा सकता है। दूसरी ओर, केले में पोटैशियम और विटामिन बी6 प्रचुर मात्रा में होता है, जो मेटाबॉलिज्म और इम्यूनिटी को बेहतर बनाता है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मॉडल-एक्ट्रेस हदीद ने ब्रैडली के साथ सार्वजनिक किया रिश्ता

अमेरिकी मॉडल और एक्ट्रेस गिगी हदीद ने 20 बड़े एक्टर ब्रैडली कूपर के साथ रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल कर दिया है। सुपरमॉडल ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की ढेर सारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की। लेकिन जो तस्वीर फैंस के बीच वायरल हुई वह थी ब्रैडली कूपर को किस करते हुए फोटो। जबकि बैकग्राउंड में तीन मंजिला बर्थडे केक



दिख रहा है। फोटो में गीगी वाइट कलर के टॉप में नजर आ रही हैं। इस फोटो को देख फैंस भी हार्ट इमोजी शेयर किए बिना नहीं रह पाए हैं। जो लोग नहीं जानते हैं उन्हें बता दें कि 50 वर्षीय एक्टर ब्रैडली कूपर एक साल से गीगी हदीद को डेट कर रहे हैं।

पोस्ट के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ₹मैं 30 की होने पर बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं। उन सभी सबक और उपहारों के लिए जो दोनों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए! मैं कुछ सबसे अविश्वसनीय इंसानों की मां, दोस्त, साथी, बहन, बेटी, सहकर्मी होने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं!₹ उन्होंने अपने फॉलोअर्स को उनके सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह ₹इतना प्यार महसूस करने के लिए धन्य महसूस करती हैं। 'पीपल' के अनुसार, हदीद और कूपर को पहली बार अक्टूबर 2023 की शुरुआत में जुड़ा था, जब उन्हें न्यूयॉर्क शहर के वेस्ट विलेज में वाया कैरोटा में एक साथ डिनर करते हुए देखा गया था, और तब से वे और करीब आ गए हैं। बता दें, ब्रैडली कूपर की मॉडल इरिना शायक के साथ 8 वर्षीय बेटी ली डे सीन हैं। इस कपल ने 2015 में डेटिंग शुरू की और चार साल बाद उनका ब्रेकअप हो गया।

### टॉलीवुड

## 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' के मेकर्स फिल्म का नाम बदलने सहमत

सुरेश गोपी की फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' के मेकर्स ने केरल हाई कोर्ट को सूचित किया कि वे सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) के सुझाव के अनुसार फिल्म का नाम बदलने को तैयार हैं। हाल ही में फिल्म के मेकर्स और सेंसर बोर्ड के बीच का यह मामला कोर्ट तक पहुंचा था।



'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' फिल्म को लेकर सेंसर बोर्ड और इसके मेकर्स के बीच विवाद हुआ। यह मामला कोर्ट तक पहुंचा। केरल हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड की तरफ से पेश वकील ने कहा था कि फिल्म को दो बदलावों के साथ पास किया जाएगा। सेंसर बोर्ड ने कोर्ट में कहा था कि मेकर्स अगर दो बदलाव फिल्म में करते हैं, इसे पास कर दिया जाएगा। पहला बदलाव ये कि फिल्म के टाइटल को थोड़ा संशोधित किया जाएगा। अब फिल्म का नाम या तो 'जानकी वी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' या 'वी जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' होगा। इससे यह साफ किया जाएगा कि ये जानकी नाम देवी से नहीं बल्कि मुख्य किरदार जानकी विद्याधरण से जुड़ा है। दूसरा बदलाव कोर्ट रूम में चल रहे क्रॉस-एग्जामिनेशन सीन से संबंधित है, जिसमें हीरोइन का नाम म्यूट करने की सलाह दी गई है। इस पर कोर्ट ने फिल्म निर्माताओं से जवाब मांगा है और आगे की सुनवाई निर्धारित की गई है। अब इसके जवाब में मेकर्स ने नाम बदलने पर सहमति जाहिर की है।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीएफसी यानी सेंसर बोर्ड ने अदालत को जानकारी दी कि अगर मेकर्स अपनी फिल्म का नाम बदलते हैं तो तीन दिनों के भीतर इसको मंजूरी दी जा सकती है। ऐसे में मेकर्स ने कहा कि रिलीज के इतने करीब आकर फिल्म का नाम बदलने में कठिनाई होगी। मगर सेंसर बोर्ड अपने रुख पर कायम रहा। आखिर में फिल्म के मेकर्स नाम बदलने पर सहमत हो गए।

प्रवीण नारायणन द्वारा निर्देशित और अनुपमा परमेश्वरन स्टारर फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल' एक रेप पीड़िता के कानूनी संघर्ष को दर्शाती है। सेंसर सर्टिफिकेट में देरी के कारण इस फिल्म की रिलीज पर भी असर पड़ा है।

### भोजपुरी

## आ गया तड़कता-भड़कता नया गाना 'हिरोइन हई हम' ने कर डाला कारनामा

'हीरोइन हई हम' गाने के वीडियो में कलरफुल सेट्स, स्टाइलिश कॉस्ट्यूम्स और जबरदस्त कैमरा वर्क दर्शकों को बांधे रखता है। कुल मिलाकर ये गाना एक टोटल पैकेज है, जो हर एंटरटेनमेंट लवर



को पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर इसे 13 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री सुपर स्टार सिंगर एक्टर अंकुश राजा और रजनंदिनी सिंह का नया गाना 'हिरोइन हई हम' इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। ये गाना लीची म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है, जो एक नया भोजपुरी चैनल है और जिसके फाउंडर कुमार अजित हैं। उन्होंने बताया कि इस चैनल का शुरुआत मनोरंजन के संसार को विस्तार देने के लिए हुआ है। आने वाले दिनों में इस चैनल से एक से बढ़कर एक गाने रिलीन होने वाले हैं, जो ऑडियंस को बेजोड़ मनोरंजन का पूरा आनंद देंगे।

उसी शुरुआत इस चैनल से रिलीज पहले गाने 'हिरोइन हई हम' से हो चुकी है, जिसने धमाल मचा दिया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। फिलहाल इस गाने को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

## लाइफ स्टाइल

### भीगा-भीगा है समा

" बरसात के मौसम के लिए ट्रेंडिंग फ़ैशन का रुझान स्टाइल पर टिका होता है, जिसमें चटख रंगों, हल्के वज़न के कपड़ों और पानी से बचने बाहरी कपड़ों का मेल शामिल है। मुख्य ट्रेंड में लेयरिंग, फ्लोरल प्रिंट और रेन बूट्स या फ्लिप-फ्लॉप जैसे उपयुक्त जूते ज्यादा चलन में है। आरामदायक और सूखे रहने के लिए ढीले, हल्के रंग के कपड़े पहनने की भी सलाह दी जाती है।



## चंदन का इस्तेमाल करने से पहले जान लें नफा-नुकसान

इन दिनों बारिश तो आ गई है लेकिन गर्मी भी बरकरार है। ऐसे मौसम में स्किन पर तमाम तरह की दिक्कतें होती हैं, जिसकी वजह से चेहरा काफी डल लगने लगता है।

कई बार तो चेहरा इतना खराब लगने लगता है कि लोगों को लगता है कि उनकी स्किन पर कोई दिक्कत हो गई है। ऐसे में वो इन दिक्कतों को दूर करने के लिए कभी डॉक्टर की सलाह लेते हैं तो कभी महंगे महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि घर में रखी एक छोटी सी चीज के इस्तेमाल से भी आप अपने चेहरे को चमका सकते हैं।

यहां हम बात कर रहे हैं चंदन की। चंदन का इस्तेमाल पूजा पाठ से लेकर स्किन केयर में भी किया जाता है। इसके इस्तेमाल के समय यदि सावधानी न बढ़ती जाए तो इसके कई नुकसान भी है। इसलिए जरूरी है कि पहले आप नफा नुकसान अच्छी तरह समझ लें।

### त्वचा को ठंडक देता है

चंदन में नैचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं, जो गर्मियों में या सनबर्न की स्थिति में स्किन को ठंडक देती हैं। इससे स्किन की जलन, रैशेज और रेडनेस में तुरंत आराम मिलता है। इसका इस्तेमाल गुलाब जल या खीरे के रस के साथ मिलाकर किया जा सकता है।

### मुंहासों और पिंपल्स को कम करता है

चंदन एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ये बैक्टीरिया को मारता है और स्किन को साफ़ करता है, जिससे मुंहासे कम होते हैं और स्किन इंफेक्शन से बचती है। इसका इस्तेमाल हल्दी और गुलाब जल के साथ किया जा सकता है।



### दाग-धब्बे और टैनिंग हटाता है

चंदन का नियमित उपयोग स्किन को क्लियर करता है। यह दाग-धब्बों को हल्का करने, स्किन टोन को निखारने और टैन हटाने में कारगर है। इसका इस्तेमाल दूध और शहद मिलाकर किया जा सकता है।

### एंटी-एजिंग गुण

चंदन फाइन लाइन्स, झुर्रियों और उम्र के लक्षणों को धीरे-धीरे कम करने में मदद करता है। ये स्किन को टाइट और यंग बनाए रखता है। इसका इस्तेमाल बादाम का तेल मिलाकर किया जा सकता है।

अब जान लें नुकसान

### एलर्जिक रिएक्शन

कुछ लोगों की स्किन बहुत सेंसिटिव होती है और उन्हें चंदन से एलर्जी हो सकती है। खुजली, जलन, रेडनेस या छोटे दाने इसके लक्षण हैं।

## मानसून में ऑफिस आउटफिट के लिए ये कलर रहेंगे बेस्ट



मानसून में ऑफिस में पहनने के लिए आप ट्रेंडी कलर्स के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, कलर्स आप मौसम के हिसाब से सही पसंद कर पाएंगे। मानसून में पहनने के लिए हम अक्सर ट्रेंडी कलर्स को चूज करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक मौसम के हिसाब से परफेक्ट लगता है। इस बार भी आप ऑफिस में पहनने के लिए कुछ ऐसे कलर्स को चूज करें, जिसे वियर करके आपका लुक अच्छा लगे। साथ ही, आप पूरे दिन कम्फर्टेबल फील करें।



### ऑफिस के लिए ट्रेंडी कलर्स

आप ऑफिस लुक के लिए ट्रेंडी कलर्स को चुनें। इस तरह के कलर्स पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें लुक सुंदर दिखता है। बस आपको कलर को कॉन्ट्रास्ट करके पहनने का तरीका जानना है।



### ऑफिस के लिए पिंक कलर

आप इस बार मानसून सीजन में सबसे अलग दिखने के लिए पिंक कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर मानसून में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें आपको प्लेन से लेकर प्रिंटेड पैटर्न को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कलर को कुर्ती से लेकर वेस्टर्न आउटफिट में ले सकती हैं।

### मानसून में पहनें पिस्ता ग्रीन कलर

मानसून सीजन में लाइट कलर के आउटफिट को स्टाइल करना सबसे अच्छा लगता है। इसलिए आप भी पिस्ता ग्रीन कलर वाले सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट ऑफिस में पहनने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही, लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। आप इस तरह के सूट को सिंपल डिजाइन और प्लेन कलर में खरीदकर स्टाइल करें। ऑफिस में पहनने के लिए आप व्हाइट कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरह के कलर में आपको काफी अच्छी प्रिंटेड साड़ी पहनने को मिल जाएगी। साथ में पहनने के लिए प्लेन ब्लाउज। साड़ी स्टाइल करने के बाद काफी अच्छी लगेगी।

## काले घुटनों का इलाज कर देगा घरेलू उबटन

शॉर्ट ड्रेस पहनना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन घुटने के कालेपन की वजह से हम इसे वियर नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप घरेलू उबटन को बनाकर इसे स्किन पर लगाएं। इससे स्किन का रंग साफ हो जाएगा। आजकल शॉर्ट ड्रेस पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब हमारे घुटने काले नजर नहीं आते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि काले घुटने अलग से दिखाई देते हैं। जिसे हम किसी अन्य चीजों से छिपा भी नहीं सकते हैं। ऐस में जरूरी है कि आप घरेलू उबटन को बनाकर अपने घुटनों में अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन साफ हो जाएगी। आर्टिकल में बताते हैं दादी नानी वाले घरेलू नुस्खे से बने उबटन के तरीके को।

### क्यों काले हो जाते हैं घुटने

स्किन पर कई बार रुखापन इतना ज्यादा हो जाता है कि इसकी वजह से हमारी स्किन डार्क होने लगती है। साथ ही, धूप के कारण भी घुटने पर टैनिंग नजर आती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने घुटनों को साफ रखने के लिए घरेलू नुस्खे से बने उबटन का इस्तेमाल करें। इससे आपको शॉर्ट ड्रेस पहनने में दिक्कत नहीं होगी।



### उबटन कैसे बनाएं

इसके लिए आपक एक कटोरी लेनी है।इसमें आपको बेसन डालना है। फिर इसमें दही और हल्दी को मिक्स करके पेस्ट बनाएं।इसके बाद इसका उबटन बनाकर थोड़ा सा गुलाब जल को मिक्स करें।


### कैसे लगाएं उबटन

इसके लिए आपको ब्रश की मदद से अपने घुटनों पर इसे लगाएं। फिर इसे कुछ समय के लिए सूखने दें।इसके बाद इसे पानी से साफ कर लें। इसे रोजाना अपने घुटनों पर अप्लाई करें। इससे कालापन साफ हो जाता है।

इस तरह के उबटन को बनाकर अपने घुटनों पर लगाएं। इससे आपकी स्किन इवन नजर आएगी।

## सावन में एथनिक आउटफिट संग बनाएं खूबसूरत गजरा हेयरस्टाइल

किसी भी त्योहार पर महिलाओं को सजना-संवरना बहुत अच्छा लगता है। जिसके चलते महिलाएं फेस्टिवल के नजदीक आने से पहले ही इसकी तैयारियां शुरू कर देती हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए सावन का महीना बेहद खास होता है।



### ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल

आप नीचे दिखाई जा रही इन ट्रेंडी गजरा हेयर स्टाइल को अपने साड़ी, सूट और लहंगे किसी भी ऑउटफिट के संग बना सकती हैं। यह सभी हेयरस्टाइल झटपट बनकर तैयार हो जाएंगी।

### फिश टेल विद गजरा हेयरस्टाइल

गर्मियों में अधिकतर लोगों को बंधे हुए बाल की पसंद आते हैं। ऐसे में आपके लिए तस्वीर में नजर आ रही ये सिंपल सोबर सी हेयरस्टाइल बेस्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल लहंगे और साड़ी के लिए बेस्ट है। इसके लिए आपको सबसे पहले अपने बालों की फिश टेल बनानी है या आप चाहे तो नार्मल चोटी भी बना सकती हैं। इसके बाद आपको मार्केट से फ्रेश गजरा लेकर बालों में ऊपर की साइड टक करना है। इसके बाद एक क्रॉस करके दोबारा टक करें। इसके बाद गजरे को क्रॉस करते हुए थोड़ी-थोड़ी दूर पर लपेटते जाएं। फिर नीचे की ओर आखिरी छोर पर लपेटें। आपकी फिश टेल विद गजरा हेयर स्टाइल बनकर तैयार है।

### बन विद गजरा हेयरस्टाइल

बन विद गजरा हेयरस्टाइल वैसे तो बहुत कॉमन है, लेकिन यह आज भी महिलाओं को काफी पसंद आती है। इसको साड़ी के संग पेयर करने के बाद लुक अलग ही खिलने लगता है। वहीं अगर त्योहारों का मौका है फिर तो बन विद गजरा हेयरस्टाइल परफेक्ट रहेगी। यह हेयरस्टाइल ट्रेडिशनल टच देती है।

### कार्नर न्यूज

### अपनी त्वचा के रंग और टाइप को समझ कर ही करना चाहिए मेकअप

## अपने स्किन टोन के हिसाब से सही मेकअप चुनना है तो पहले जानें फिट्जपैट्रिक स्केल को, निखरेगा रूप

नाइट पार्टी के लिए मेकअप करना अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि हर किसी की त्वचा का रंग, बनावट और अंडरटोन अलग होता है। आम तौर पर त्वचा के तीन प्रकार बताए गए हैं- गोरा, गेहुंआ, सांवला, लेकिन त्वचा विशेषज्ञ फिट्जपैट्रिक स्केल के अनुसार त्वचा को छह प्रकारों में बांटते हैं, जो मेलेनिन की मात्रा पर आधारित हैं। इसलिए एक ही मेकअप सभी पर सूट करे, यह संभव नहीं। नाइट पार्टी में दमकने के लिए आपको अपनी स्किन टोन को जानकर सही मेकअप करना होगा।

### दूध-सी गोरी

टाइप-वन में सबसे हल्के रंग की त्वचा आती है। इस स्किन टोन की महिलाओं को मेकअप करते समय हल्के और सॉफ्ट शेड्स का चयन करना चाहिए। आप फाउंडेशन में आइवरी या पोर्सलेन शेड्स चुनें। ब्लश में पीच या लाइट पिंक शेड लगाएं। आईशैडो में न्यूड ब्राउन रंग चुनें। लिपस्टिक में रोज पिंक, कोरल या बेबी पिंक शेड्स को चुनकर नाइट पार्टी में खूबसूरती के साथ रात का चांद बनकर उभरें।



### हल्के से मध्यम

टाइप-टू में हल्के से मध्यम रंग की त्वचा होती है। इस टोन की महिलाओं को फाउंडेशन के लिए बेज या लाइट न्यूट्रल शेड्स चुनने चाहिए। ब्लश में पीच या रोज टोन अच्छा रहता है। आईशैडो के लिए ब्राउन, मावे या गोल्डन शेड्स उपयुक्त हैं। लिपस्टिक में कोरल, रोज या म्यूटेड रेड शेड्स खूबसूरती निखारते हैं। त्वचा को धूप से बचाने के लिए एसपीएफ युक्त प्राइमर और फाउंडेशन सबसे अहम हैं।

### मध्यम

टाइप-थ्री में मध्यम रंग की त्वचा शामिल है। इस स्किन टोन की महिलाएं नाइट पार्टी के लिए वॉर्म अंडरटोन वाले फाउंडेशन, जैसे हनी या कारामेल शेड्स चुनें। ब्लश के लिए म्यूटेड पीच या डीप कोरल रंग अच्छे हैं। आईशैडो में ऑलिव टोन सुंदर दिखेंगे। आप मैरून या रोजवुड शेड्स की लिपस्टिक लगाकर लुक को कंप्लीट करें।

### मध्यम से गहरी

टाइप-फोर में मध्यम से थोड़ी अधिक गहरी त्वचा वाली महिलाओं को रखा गया है। ऐसी महिलाओं को मेकअप में गहरे और बोल्ड शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में गहरे बेज या वॉर्म ब्राउन टोन, आईशैडो में गोल्डन, कॉपर/डार्क ब्राउन शेड्स, ब्लश के लिए डीप रोज या बरगंडी रंग और अंत में डीप रेड शेड्स की लिपस्टिक से लुक को कंप्लीट करना चाहिए। आप सेटिंग स्प्रे से मेकअप को सेट जरूर करें।

### गहरा भूरा रंग

टाइप-फाइव गहरे भूरे रंग की त्वचा को दर्शाता है। ऐसी महिलाओं को पार्टी लुक के लिए डार्क और चमकदार शेड्स चुनने चाहिए। फाउंडेशन में ब्राउन या डीप कैरामेल शेड आपके लिए बेस्ट रहेंगे। आईशैडो लगाना चाहती हैं तो गोल्ड या डीप शेड्स से आंखों को आकर्षक लुक दें। ब्लश में आप मैरून या बेरी टोन को चुनें और लिपस्टिक में डीप रेड, वाइन या प्लम शेड्स आपके लुक को खास बना देंगे।

### सबसे गहरी

टाइप-सिक्स में आती है सबसे गहरे रंग की त्वचा। आप पर बोल्ड और कंट्रास्ट लुक सबसे खूबसूरत दिखता है। नाइट पार्टी के लिए आप फाउंडेशन में डीप एंबर या कॉफी शेड्स चुनें। आईशैडो में गोल्डन, ब्रॉन्ज या गहरे रंग, जैसे पर्पल और ग्रेनी ब्लैक इस्तेमाल करें।

